* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 261

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पीएम नरेंद्र मोदी 13-14 जुलाई को फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे

# THE BLACKBOARD®

THE BLACKBOARD RANCHI

Mirror that Reflects Future...

## XI-XII JEE(MAINS/ADVANCED) NEET | SLEET IX-X (JAC/CBSE/ICSE)

## JHARKHAND TOPPERS 2023

STATE RANK 6 — AZLAFA TAMJEED, URSULINE INTER COLLEGE, 94.4%
STATE RANK 6 — RUPESH MAHTO (TS), ST. XAVIER'S COLLEGE, 94.4%
STATE RANK 7 — AMARJEET KUMAR, ST. XAVIER'S COLLEGE, 94.2%
STATE RANK 10 — RAJAT KUMAR SAW (TS), ST. XAVIER'S COLLEGE, 93.4%
STATE RANK 12 — HEMANT KUMAR, ST. ALOYSIUS INTER COLLEGE, 93.2%
STATE RANK 16 — SHYAM KUMAR THAKUR, ST. JOHN'S INTER COLLEGE, 92.4%
STATE RANK 18 — PAWAN KUMAR PANDIT, ST. ALOYSIUS INTER COLLEGE, 92.0%
STATE RANK 21 — KARAN MAHATO, ST. JOHN'S INTER COLLEGE, 91.2%

### ST. XAVIER'S COLLEGE (JAC)

COLLEGE RANK 1 — RUPESH MAHTO (TS), 94.4%
COLLEGE RANK 2 — AMARJEET KUMAR, 94.2%
COLLEGE RANK 3 — RAJAT KUMAR SAW (TS), 93.4%
COLLEGE RANK 9 — YUGESH KUMAR SINGH, 90.4%

टॉपर की भरमार सिर्फ THE BLACKBOARD में !!!

### OTHER COLLEGES (JAC)

COLLEGE RANK 1 — PREM KUMAR, GHAGHRA INTER SCIENCE COLLEGE, 90.6%
COLLEGE RANK 2 — SURAJ GOPE, GOSSNER COLLEGE, 84.0%
COLLEGE RANK 3 — ANJUM AZAD, MARWARI COLLEGE FOR WOMEN'S, 86.8%
COLLEGE RANK 4 — GRESHIKA RAJ, ST. ANNE'S INTER COLLEGE, 85.8%

### DON BOSCO SCHOOL (ICSE)

SCHOOL RANK 1 — SHREYA RANI, 92.75%
SCHOOL RANK 2 — SRISHTI TOPNO, 87.0%
SCHOOL RANK 3 — ADITYA SHUBHAM, 86.5%

### CBSE

SCHOOL RANK 2 — ZIYA KUMARI MAHATO, DAV NANDRAJ PUBLIC SCHOOL, 94.4%
AAYESHA NAAZ, JVM SHYAMALI, 93.4%
SCHOOL RANK 5 — KARAN BHASKAR SINGH, ST. THOMAS HIGH SCHOOL, 91.0%

### ST. JOHN'S INTER COLLEGE (JAC)

COLLEGE RANK 2 — SHYAM KUMAR THAKUR, 92.4%
COLLEGE RANK 4 — KARAN MAHATO, 91.2%
COLLEGE RANK 4 — ASHUTOSH KUMAR SAHU, 91.2%
COLLEGE RANK 5 — UJWAL KUMAR, 90.0%

### ST. ALOYSIUS INTER COLLEGE (JAC)

COLLEGE RANK 1 — HEMANT KUMAR, 93.2%
COLLEGE RANK 2 — PAWAN KUMAR PANDIT, 92.0%
COLLEGE RANK 3 — AMIYA PUSHP UTTAM, 90.8%
COLLEGE RANK 4 — NOOR SUHEL, 90.0%

## JHARKHAND BOARD RESULT
CLASS -12th (SCIENCE)

RESULT SUMMARY 2023

TOTAL STUDENTS - 415
90% & Above - 22
80% & Above - 115
70% & Above - 310
1st Division - 410

Wing A (Main Branch) : 2nd Floor, Above TVS Showroom, Dangra Toli Chowk, Purulia Road, Ranchi
Call Us : +91 9631072713

Wing B : Opp. Audi Showroom, Old Surya Clinic Building, Lane 2, Kumhar Toli, Purulia Road, Ranchi
Call Us : +91 6200438287

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,500 रु./10 ग्राम
चांदी 72,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 11 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# जाग रही है नीतीश कुमार की अंतरात्मा!

## ■ 'दुविधा में दोनों गये, माया मिली न राम' की स्थिति है बिहार सीएम के साथ

## ■ तेजस्वी यादव के खिलाफ चार्जशीट के बाद दुविधा में हैं 'सुशासन बाबू'

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार में जारी सियासी बयानबाजी के बीच राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह और सीएम नीतीश कुमार के बीच पटना में हुई मुलाकात ने बिहार का राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ा दिया है। यह संयोग ही था कि 3 जुलाई को, जिस दिन यह मुलाकात हुई, उसी दिन जमीन के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआइ की नयी चार्जशीट में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का नाम जुड़ा। ऐसे में नीतीश और हरिवंश की मुलाकात सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में बगावत का बवंडर उठा, तो क्या इससे बिहार में भी सियासी मौसम बदलने वाला है। यहां यह बात गौर करनेवाली है कि नीतीश कुमार विपक्षी एकता के सूत्रधार बने हुए हैं और बिहार में ताजा हलचल के केंद्र में वही हैं। उन्होंने लंबे वक्त बाद राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के साथ मैराथन बैठक की। इधर बैठक हुई, उधर ऑपरेशन लोटस, नीतीश खेमे में टूट, महागठबंधन में दरार जैसे दावे फिजां में तैरने लगे। राज्यसभा के उपसभापति जदयू के सांसद भी हैं। इसलिए इन दावों को ताकत मिली। अब यह बात साफ है कि ललन सिंह महागठबंधन की मजबूती के चाहे जितने भी दावे कर लें, लेकिन भाजपा ने तेजस्वी के इस्तीफे का दबाव बनना शुरू कर दिया है। इस नयी राजनीतिक स्थिति के बीच सवाल यह कि आखिर हरिवंश और नीतीश कुमार के बीच डेढ़ घंटे की मुलाकात में क्या बात हुई। हालांकि संख्या बल के हिसाब से राजद के अलावा भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसके साथ जाकर नीतीश फिर सीएम बन सकते हैं। वैसे भाजपा का जो रुख अभी दिख रहा है, उसमें नीतीश को भाजपा का साथ मिलना मुश्किल दिखता है। भाजपा कई बार कह चुकी है कि नीतीश के लिए एनडीए के दरवाजे बंद हो चुके हैं। पर उम्मीद इसलिए दिखती है कि राजनीति में कोई किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता। बिहार के ताजा सियासी घटनाक्रमों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

बिहार के सीएम नीतीश कुमार अक्सर अपने महत्वपूर्ण फैसले अंतरात्मा की आवाज पर लेते रहे हैं। किस दल या गठबंधन के साथ उन्हें जाना है या किसका साथ छोड़ना है, यह फैसला अंतरात्मा की आवाज पर ही नीतीश कुमार करते रहे हैं। यह बात दूसरे नहीं कहते, बल्कि खुद नीतीश कुमार स्वीकार करते हैं। वर्ष 2017 में जब उन्होंने महज 20 महीने बाद महागठबंधन से अलग होकर भाजपा के साथ सरकार बनाने का फैसला लिया, तब भी उन्होंने यही कहा था, मैंने अंतरात्मा की आवाज पर इस्तीफा दे दिया है। नीतीश को उनकी अंतरात्मा ने तब आवाज दी थी, जब उन्होंने तेजस्वी यादव पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के मद्देनजर उन्हें इस्तीफा देकर जनता के बीच जाने की सलाह दी थी। अब तो सीबीआइ ने तेजस्वी यादव के खिलाफ नौकरी के लिए जमीन मामले में चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। ऊपर से अचानक राज्यसभा के उप सभापति और नीतीश के साथी हरिवंश उनसे मिलने पहुंच गये। बता दें कि नये संसद भवन के उद्घाटन में जाने पर इन्हीं हरिवंश को जदयू ने पानी पी-पीकर कोसा था।

### क्या नीतीश फिर सुनेंगे अंतरात्मा की आवाज

सवाल उठ रहा है कि क्या नीतीश कुमार की अंतरात्मा फिर जागेगी। वह तेजस्वी यादव को बर्खास्त करेंगे या 2017 की तरह इस्तीफा देकर फिर किसी नये पार्टनर के साथ सरकार बनायेंगे। हालांकि संख्या बल के हिसाब से राजद के अलावा भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसके साथ जाकर नीतीश फिर सीएम बन सकते हैं। भाजपा विचारधारा में अपनी धुर विरोधी पीडीपी के साथ सरकार बना सकती है, तो नीतीश के साथ चलने का उसके पास डेढ़ दशक का तजुर्बा भी है।

### नीतीश किरकिरी करायेंगे या विकल्प तलाशेंगे

अब यह नीतीश कुमार पर निर्भर करता है कि वह क्या करेंगे। अगर 2017 को आधार माना जाये, तो तेजस्वी का चार्जशीटेड होना उन्हें अच्छा नहीं लगा होगा। वैसे भी राजद के दबाव में उन्हें अभी काम करना पड़ रहा है। ऐसे में महागठबंधन से अलग होने के लिए नीतीश के सामने दो ही विकल्प हैं। दोषमुक्त होने तक वह तेजस्वी यादव से इस्तीफा देने को कहें या फिर उन्हें बरखास्त कर दें, लेकिन राजद इसे मानने को कतई तैयार नहीं होगा। ऐसे ही आरोपों पर नीतीश ने राजद कोटे के दो मंत्रियों- सुधाकर सिंह और कार्तिकेय सिंह को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया था। अगर अपनी कुर्सी सलामत रखने के लिए नीतीश कुमार अपने डिप्टी सीएम तेजस्वी के पक्ष में खड़े होते हैं, तो उनकी जगहंसाई स्वाभाविक है। नीतीश राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। यह भी सब जानते हैं कि वह कब किसके साथ सट जायें या हट जायें, उनके सिवा कोई नहीं जानता। वह एक बात बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि अंतरात्मा की आवाज पर ही उनके ऐसे संवेदनशील फैसले होते हैं।

### नीतीश के लिए पाला बदल नयी बात नहीं है

बिहार की राजनीति में कई मौकों पर नीतीश कुमार ने पाला बदला है। साल 2013 में भाजपा ने जब गुजरात के सीएम नरेंद्र मोदी को पीएम फेस घोषित किया, तो नीतीश कुमार ने बिदक कर उसका साथ छोड़ दिया। नीतीश कुमार ने बीजेपी से अपने 17 साल पुराने रिश्ते को झटके में तोड़ दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने उस राजद के साथ मिल कर सरकार बना ली, जिसके विरोध की बुनियाद पर वह बिहार की सत्ता पर काबिज हुए थे। साल 2015 में विधानसभा चुनाव के लिए राजद-जदयू और कांग्रेस ने महागठबंधन बनाया। उस चुनाव में बिहार की राजनीति बदल गयी। महागठबंधन को बड़ी कामयाबी मिली। जदयू और राजद ने 101-101 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। राजद 80 सीटों पर जीता, तो जदयू उम्मीदवार 71 सीटों पर विजयी हुए। नीतीश कुमार पांचवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गये।

### साल 2017 में तोड़ लिया महागठबंधन से नाता

नये समीकरण की सत्ता में नीतीश के 20 महीने बीते। इस बीच खटपट भी शुरू हो गयी। तेजस्वी तब भी डिप्टी सीएम थे। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, तो इस्तीफे की मांग का दबाव भाजपा की ओर से बढ़ने लगा। कहा तो यह भी जाता है कि नीतीश ने तेजस्वी को सलाह दी कि वह इस्तीफा देकर जनता के बीच जायें। तेजस्वी के पिता लालू यादव ने उनकी सलाह ठुकरा दी। नतीजा हुआ कि 26 जुलाई 2017 को नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। नीतीश कुमार ने तब कहा था कि माहौल ऐसा बन गया था कि काम करना मुश्किल हो गया था। इस्तीफा देने के साथ ही नीतीश कुमार ने फिर भाजपा और सहयोगी पार्टियों की मदद से सरकार बना ली। 27 जुलाई 2017 को उन्होंने छठी बार बिहार के सीएम की कुर्सी संभाली।

### सुनील सिंह और नीतीश के बीच की तल्खी, कहीं बिहार की राजनीति में बगावत का बीज न बो दे

उधर, आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह ने सीएम नीतीश कुमार और बिहार के अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। जिसके बाद जेडीयू की नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरजेडी एमएलसी और लालू यादव के करीबी सुनील कुमार सिंह ने जेडीयू कोटे के मंत्री अशोक चौधरी पर भी तीखा हमला किया था। आरजेडी एमएलसी ने अपने फेसबुक पोस्ट के जरिए बिहार सरकार के अफसरों को डाकू अंगुलिमाल और डाकू खड़क सिंह जैसा बताया था। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के विवाद के बाद से महागठबंधन में तनातनी जारी है। वहीं कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने सुनील सिंह से बैठक में कहा कि आप अमित शाह से मिलते रहते हैं। सोशल मीडिया पर कई तस्वीर आपकी उनके साथ है। आप बीजेपी से मिले हुए हैं। आप बीजेपी से लोकसभा चुनाव का टिकट चाहते हैं। लालू परिवार के आप करीबी हैं, यह सब मत करिए। इस पर सुनील सिंह ने कहा कि मैं अमित शाह के संपर्क में नहीं हूं न बीजेपी में जाना है। उन्होंने कहा कि अमित शाह केंद्रीय सहकारिता मंत्री हैं, और इस नाते मुलाकात करने में कोई हर्ज नहीं है। सुनील सिंह ने आगे कहा कि आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने चुप रहने को कहा है, इसलिए शांत हूं। बताया जा रहा है कि विधानमंडल दल की बैठक में नीतीश कुमार सिर्फ आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह पर ही नहीं, कांग्रेस और खुद की पार्टी के कुछ विधायकों पर भी नाराज दिखे। चर्चा है की टूट की खबरों से भी नीतीश कुमार परेशान हैं। यही कारण है कि महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक में नीतीश कुमार अलग अंदाज में दिखे।

### नीतीश के पास अब क्या है विकल्प

अगर सच में नीतीश कुमार की अंतरात्मा जाग जाये और महागठबंधन को अलविदा कहने की सलाह दे, तो सत्ता में बने रहने के लिए उनके पास क्या-क्या विकल्प हो सकते हैं, यह विचारणीय सवाल है। बिहार के सियासी गलियारे में इस पर भी मंथन शुरू हो गया है। कुछ लोग मानते हैं कि नीतीश राजद के दबाव से पहले से ही ऊबे हुए हैं। ऊपर से तेजस्वी अब चार्जशीटेड हो गये हैं। इसलिए महागठबंधन से अलग होने का उनके लिए अनुकूल अवसर है। ऐसे में उनके पास दो ही विकल्प दिखते हैं। पहला कि वह किसी तरह मान-मनौवल कर भाजपा को पटा लें, जिससे वह सीएम बने रह सकते हैं। भाजपा भले ना-नुकुर कर रही है, पर सच है कि उसको भी नीतीश कुमार के कद का एक सहयोगी चाहिए। चर्चा तो यह भी है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कोई भी समझौता करने से गुरेज नहीं करेगी। वैसे भी राजनीति में दुश्मनी का कोई स्थायी महत्व नहीं है। दूसरा विकल्प यह हो सकता है कि नीतीश कुमार ऐसे समय विधानसभा भंग कर दें, ताकि लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव हो जाये। इसकी संभावना अधिक इसलिए दिखती है, क्योंकि पिछले ही महीने अफसरों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा था कि काम समय से पहले पूरा कर लें, क्योंकि कभी भी चुनाव हो सकते हैं। उसके बाद उनका अचानक राजभवन जाना और ऐन उसी वक्त सुशील कुमार मोदी का राजभवन पहुंचना बिहार में बड़े सियासी बदलाव की ओर ही इशारा कर रहे हैं।

---

# सत्ताधारी दल ने संथाल परगना को राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक गुलाम बना दिया: सुदेश

**वर्तमान सरकार लोकतंत्र की जगह लुटतंत्र की परिभाषा पढ़ा रही है**

**झामुमो और कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कीजिए हालात बदल जायेंगे**

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सत्ताधारी दल ने संथाल परगना को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गुलाम बना दिया है। 50 साल से अधिक होने का बाद भी यहां के लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से यहां के मिले जनादेश का यही परिणाम मिला है। राजनीति में परिवार एवं पीढ़ी की सेवा छोड़नी होगी एवं लोकतंत्र की भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य को प्रगति क पथ पर अग्रसर करना होगा।

वर्तमान सरकार लोकतंत्र की जगह लूटतंत्र की परिभाषा पढ़ा रही है। सरकार की समीक्षा में प्रगति मानक नहीं बल्कि कलेक्शन मानक हो गया है। सत्ता संभाल रहे राजनेताओं की आंखों में अगर पानी नहीं हो तो वे लोकसेवक भी नहीं हो सकते। झारखंड में जिनके हाथों में सत्ता है उनका चरित्र ऐसा ही बना है। राज्य जिन विकट परिस्थितियों से गुजर रहा है उसमें यह सबसे जरूरी है कि झामुमो और कांग्रेस को वोट से बेदखल करना होगा। पाकुड़ में आयोजित आजसू पार्टी के राजमहल लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने उक्त बातें कहीं। इस सम्मेलन के जरिए उन्होंने कार्यकर्ताओं को लामबंद करते हुए 2024 के चुनाव में सक्षम लीडर चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लीडर वैसा चुनिए जो विकास के मानकों को पूरा करने का दमखम रखता हो।

### कांग्रेस-जेएमएम पर निशाना साधा

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी इसी लोकसभा क्षेत्र के और ग्रामीण विकास मंत्री भी इसी पाकुड़ के। इसके बाद भी यहां शिक्षा स्वास्थ्य, बिजली, पानी रोजगार, सिंचाई, ग्रामीण विकास, सड़क के क्षेत्र में समस्याएं विकराल हैं। इस इलाके की पहचान खनिज संपदा की लूट पर बनी है। जिस दिन सरकार सत्ता में 1000 दिन पूरे होने पर जश्न मना रही होती है उसी दिन यहां से 1000 करोड़ की खनिज संपदा की लूट की खबर भी सुर्खियां बनती है। स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर इन्होंने सिर्फ राजनीति की है। जिस परिवार को इस इलाके के लोगों ने 40 सालों से राजनीति करने का अवसर दिया उन्होंने सिर्फ अपना लाभ साधा। राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर लोगों को गुलाम बनाने की कोशिशें की। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव एम टी राजा, उपाध्यक्ष अकील अख्तर, तरूण गुप्ता, माधव चंद्र महतो, अजय सिंह, राजेश महतो, चतुरानंद पांडे, अफीफ असलम इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

## पूर्व डीसी छवि रंजन को जमानत के लिए करना होगा इंतजार, इडी ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** सेना के बरियातू स्थित जमीन सहित अन्य भूमि घोटाला मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान इडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। अदालत ने इडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए छवि रंजन की याचिका पर सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। वहीं दूसरी ओर छवि रंजन की ओर से दाखिल 167 की याचिका पर अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है 167 सीआरपीसी की धारा है, जिसमें पुलिस और इडी को चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि रांची में अवैध तरीके से जमीन की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त के मामले में इडी ने बीते 13 अप्रैल को झारखंड, बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

---

# सावन का पहला सोमवार, देवघर धाम में जयकार

## दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की 12 किलोमीटर तक कतार

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन के पहले सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हजारों लोग बाबा के दर्शन को पहुंच रहे हैं। बाबा की झलक पाने के लिए 12 किलोमीटर तक लंबी कतार लगी हुई है। यह कतार लगातार लंबी हो रही है। पूरा क्षेत्र बोल बम के जयघोष से गुंजायमान है।

बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर कावंड लेकर पहुंचे भक्त सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलने के बाद जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा है। रविवार शाम छह बजे से कांवड़ पथ पर रौनक है। दुम्मा टोल गेट में 10 काउंटरों से प्रवेश कार्ड दिये जा रहे हैं। यहां लगातार कांवड तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। इन काउंटरों से पल-पल का डेटा कंट्रोल रूम को भेजा जा रहा है।

यहां के एक काउंटर से दो घंटे में छह से सात हजार तक प्रवेश कार्ड वितरित किये गये। बढ़ती भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन ने दुम्मा व खिजुरिया मुख्य गेट के पास बैरियर लगाकर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोठिया और बाघमारा बस स्टैंड कांवड़ियों से भर गया है। श्रावणी मेला-2023 के पहले सोमवार के लिए बाबधाम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मंदिर और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को सौंपा गया है। देवघर जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के झारखंड प्रवेश द्वार दुम्मा से लेकर खिजुरिया, रूट लाइन और बाबा मंदिर सहित संपूर्ण मेला क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। झारखंड के लगभग सभी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। रांची के पहाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतार है।

www.epaper.azadsipahi.in

11 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 261

नेवी के लिए खरीदे जायेंगे 26 रफाल, 3 पनडुब्बी, यह सौदा 90 हजार करोड़ का

## मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा : हम कानून व्यवस्था नहीं चला सकते

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मणिपुर हिंसा पर सुनवाई के दौरान सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह राज्य की कानून-व्यवस्था अपने हाथ में नहीं ले सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी मणिपुर ट्राइबल फोरम दिल्ली के एडवोकेट कोलिन गोंजाल्वेज की दलील पर की। गोंजाल्वेज ने कहा कि सरकार ने पिछली सुनवाई में हिंसा रोकने का भरोसा दिया था। मई में 10 मौतें हुई थीं, संख्या 110 पहुंच गयी। हालांकि सरकार की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि मणिपुर हिंसा में 142 लोगों की जान गयी है। 5,995 केस दर्ज किये गये हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मणिपुर सरकार की ओर से राज्य की स्टेटस रिपोर्ट पेश की। एसजी मेहता ने कहा कि हम यहां मणिपुर के लोगों के लिए मौजूद हैं। याचिकाकर्ताओं को बेहद संवेदनशीलता के साथ इस मामले को उठाना चाहिए, क्योंकि कोई भी गलत जानकारी राज्य के हालात को और बिगाड़ सकती है। राज्य और सरकार की कोशिशों के चलते स्थितियां सामान्य हो रही हैं।

### विधानसभा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# विधायिका और कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय जरूरी : हेमंत सोरेन

- 'विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व' विषय पर तीन दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विधायिका प्रणाली में हम सभी लोग विधानसभा के माध्यम से नियम बनाने से लेकर कई विधेयक पास कराने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इन सभी नियम-कानूनों को कार्यपालिका व्यवस्था से होकर गुजरना पड़ता है। अतएव यह आवश्यक है कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच एक बेहतर समन्वय स्थापित हो। तभी सभी कार्य सुचारू एवं सुदृढ़ तरीके से पूरा हो सकेंगे। जब विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय ठीक नहीं बन पाता है, तब विधानसभा के अंदर कई सवाल खड़े होते हैं। आवश्यक है कि इन सभी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए हम सभी लोग सामूहिक दायित्व का निर्वहन करें। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड विधानसभा के सभागार में 'विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**संविधान में संसदीय प्रमाली चलाने का अद्भुत मिश्रण:** सीएम ने कहा कि देश का संविधान एक ऐसा अद्भुत मिश्रण है, जहां संसदीय प्रणाली को चलाने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को अलग-अलग अधिकार दिये गये हैं। विधायिका देश और राज्य के लोगों के कल्याणार्थ विधेयक पारित करने, संशोधन प्रस्ताव लाने, नियम-कानून बनाने, नीति निर्धारण सहित कई कार्य करती है। कार्यपालिका सरकार द्वारा लायी गयी, इन नियम-कानून, नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने का काम करती है। न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या और न्याय देने का काम करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को समान सहयोगी के रूप में कार्य करने की जरूरत है। इन्हें एक दूसरे को साथ लेकर सही दिशा के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि इनके द्वारा किये गये कार्यों का पूरा लाभ आम जनता को मिल सके।

**व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें इस पर होना चाहिए चिंतन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग 23 साल पूरे होने जा रहे हैं। नया राज्य होने की वजह से झारखंड विधानसभा को विधायिका का बहुत लंबा अनुभव नहीं है। अब यह जरूरी है कि स्थायी तौर पर विधायिका और कार्यपालिका एक बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम जनप्रतिनिधि चुनाव जीत कर आते हैं, सरकार बनाते हैं, लेकिन कुछ व्यवस्थाएं स्थायी तौर पर कार्य करती हैं। इन स्थायी व्यवस्थाओं और संस्थाओं को राज्य में किसकी सरकार है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए। व्यवस्थाएं निरंतर ठीक से चलती रहें, इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि कुछ चीजें निरंतर बिना रुकावट के चलती हैं और ये व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें इस निमित्त यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है।

**लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित :** हेमंत सोरेन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा हमारे संविधान में निहित है। जिस तेजी से विधायी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नये कानून बनते हैं या कानूनों में संशोधन होते हैं, ऐसी परिस्थिति में विधायिका द्वारा पारित विधेयक अथवा अध्यादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि एक लंबे समय अंतराल पर इन विषयों को पुनः रिवाइज करने की आवश्यकता होती है। समय के साथ कई चीजें अलग-अलग दिशा में चलने लगती हैं।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विधायक लंबोदर महतो, लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य, पीआरएस के चक्षु राय, डीजीपी झारखंड अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, झारखंड प्रशासनिक सेवा के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### कार्यपालिका का सामूहिक उत्तरदायित्व विधायिका के प्रति : रबींद्र नाथ महतो

विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में कार्यपालिका और विधायिका के बीच अन्योनाश्रय संबंध है। वेस्टमिंस्टर सिस्टम के आधार पर स्थापित भारतीय संसदीय लोकतंत्र में कार्यपालिका का सामूहिक उत्तरदायित्व विधायिका के प्रति ही होता है। राज्य की कार्यपालिका के प्रधान राज्य के मुख्यमंत्री सदन नेता के रूप में राज्य विधायिका का नेतृत्व भी करते हैं अर्थात इस प्रकार कार्यपालिका पृथक या बाह्य निकाय नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में वह भी विधायिका का ही अंग है। क्योंकि मंत्री परिषद का मूल विधायिका ही है। जबकि राजनीतिक कार्यपालिका के सहयोग हेतु सिविल सेवा के पदाधिकारियों का समूह कार्य करता है जो स्थायी रूप से कार्यरत रहता है और राजनीतिक कार्यपालिका के बदलने के बावजूद उसमें कोई बदलाव नहीं होता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बताये गये त्रिस्तरीय उत्तरदायित्व को भी समझाया।

# झारखंड भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पीएम मोदी से मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार की शाम नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री का इस अनुराग के लिए आभार प्रकट किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी नयी दिल्ली की यात्रा पर हैं। मरांडी आज गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी वह मिलेंगे।

# अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

- दिल्ली सरकार से कहा याचिका में बदलाव करें
- एलजी को पार्टी बनायें, अगली सुनवाई 17 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग अधिकार को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच की लड़ाई एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने वाले अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल सरकार की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। अध्यादेश पर रोक की मांग वाली याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार से 17 जुलाई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को अपनी याचिका में संशोधन करने और मामले में उपराज्यपाल को पक्ष के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने मामले की सुनवाई 17 जुलाई को तय करते हुए कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से अपनी याचिका में संशोधन करने और मामले में उपराज्यपाल को पक्ष के रूप में जोड़ने को कहा।

गौरतलब है कि राज्यसभा में बिल को रोकने की तैयारी के बीच केजरीवाल सरकार ने अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी। वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने तत्काल सुनवाई किये जाने का अनुरोध किया था। दिल्ली सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि यह अध्यादेश कार्यकारी आदेश का असंवैधानिक इस्तेमाल है। जो सुप्रीम कोर्ट और संविधान की मूल संरचना के उल्लंघन की कोशिश है। दिल्ली सरकार ने अध्यादेश को रद्द करने के अलावा इस पर अंतरिम रोक लगाने का भी अनुरोध किया है।

केंद्र सरकार ने दिल्ली में ग्रुप-ए के अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए एक अथॉरिटी का गठन करते हुए 19 मई को 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश, 2023' जारी किया था। केंद्र सरकार ने यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के एक सप्ताह बाद जारी किया था जिसमें अदालत ने दिल्ली में पुलिस, पब्लिक ऑर्डर और लैंड को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था। सुप्रीम कोर्ट के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग पर एलजी का कंट्रोल था। शुरूआत में कोर्ट याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी। बेंच ने कहा कि कोर्ट किसी कानून पर रोक नहीं लगा सकती। आप सरकार की ओर से कोर्ट में पेश हुए सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि कोर्ट ने कई मामलों में कानूनों पर रोक लगायी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने मुंगेरी को तत्काल रिहा करने का दिया निर्देश

- इडी के गवाह मुंगेरी यादव की आर्म्स एक्ट में हुई थी गिरफ्तारी, 29 जुलाई से जेल में हैं बंद

आजाद सिपाही संवददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के गवाह मुंगेरी यादव को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सोमवार को शाम पांच बजे तक जेल से रिहा कर सूचित करने के लिए कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुंगेरी यादव को जेल से तत्काल छोड़ दिया गया है।

गौरतलब है कि मुंगेरी यादव की गिरफ्तारी राजमहल थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में 29 जुलाई 2022 को हुई थी। साहिबगंज पुलिस ने रांची हवाईअड्डे से उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके अलावा 11 मार्च 2022 को रंजीत चौधरी नाम के व्यक्ति की ओर से दर्ज कराये गये एफआइआर में भी पुलिस कार्रवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि 10 मार्च को समदाघाट से मनिहारी के लिए खुले मालवाहक फेरी सेवा पर रामपुर के पास गोलीबारी की गयी थी। चौधरी ने इसमें मुंगेरी यादव समेत 18 नामजद और 20-25 अज्ञात को आरोपित बनाया था।

इडी के गवाह और साहिबगंज के चर्चित पत्थर व्यवसायी मुंगेरी यादव के खिलाफ बीते 12 अगस्त 2022 को सीसीए एक्ट लगा था। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जिला प्रशासन की ओर से इस संबंध में भेजे गये प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया था। 08 अगस्त 2022 को ही मुंगेरी यादव के खिलाफ सीसीए लगाने का प्रस्ताव उपायुक्त रामनिवास यादव ने गृह विभाग को भेजा था, 12 अगस्त को विभाग ने उसका अनुमोदन कर दिया।

### मनिका में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के साथ धांधली

# धरातल पर काम हुआ नहीं, निकाल ली गयी राशि

- सभी मामले से झाड़ रहे पल्ला, अपने बचाव में दे रहे दलील

डिंपल राजा

**मनिका (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के मनिका प्रखंड क्षेत्र में पीएम आवास योजना के नाम पर लाभुक के साथ धांधली करने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला मनिका पंचायत के भदईबथान टोला का है। स्वयं सेवक ने लाभुक के खाते से पैसा निकलवा लिया। उससे कुछ राशि भी ले ली। इस बीच लाभुक की मौत हो गयी। इसके बाद आवास योजना का बगैर धरातल पर काम हुए मनरेगा कर्मियों के साथ मिल कर स्वयंसेवक ने मनरेगा के भी 16,965 रुपये निकाल कर गबन कर लिया। मामले की जानकारी जब मृतक की पत्नी को हुई, तब इसका खुलासा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभुक चनारिक यादव को 2021-22 में

पीएम आवास योजना का लाभ मिला था। इसकी पहली किस्त 40 हजार रुपये लाभुक के खाता में जमा किया जा चुका था। स्वयंसेवक नीरज यादव ने लाभुक चनारिक यादव को बहला-फुसलाकर खाते से पहली किस्त निकलवा ली। इसके कुछ दिनों बाद अक्टूबर 2022 में चनारिक यादव का मृत्यु हो गयी। धरातल पर आवास निर्माण का कोई काम नहीं हुआ। इस बीच नीरज यादव, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक और अन्य मनरेगा कर्मियों ने मिल कर मृतक चनारिक के मनरेगा के तहत काम दिखा कर 16,965 हजार रुपये निकाल लिये। इसमें लाभुक के लेबर डिमांड भी नहीं लगाया गया।

**स्वयंसेवक पर धमकाने का आरोप :** इस मामले में मृतक लाभुक की पत्नी सकुली कुंवर ने कहा कि मेरे पति के नाम से पीएम आवास योजना स्वीकृत किया हुआ था, मुझे इतनी ही जानकारी है। स्वयंसेवक नीरज ने बहला-फुसला कर 40 हजार रुपये निकलवाने और मनरेगा के तहत 16,965 रुपये लेने की जानकारी नहीं थी। सकुली ने कहा कि जब मुझे इसकी जानकारी मिली तो नीरज से पूछती हूं तो वह डांटता और फटकरता है। साथ ही तरह-तरह की धमकी देता है।

**सभी मामले से झाड़ रहे अपना पल्ला :** मामले के बारे में पूछे जाने पर स्वयंसेवक नीरज यादव ने कहा कि मैं लाभुक का पैसा देने को तैयार हूं। लाभुक का घर बनाने के लिए मैंने ईटा भी गिराया है। मनरेगा के पैसे की निकासी पर उसने कहा कि इसमें मेरी कोई गलती नहीं है। वहीं, रोजगार सेवक प्रिया कुमारी, मनिका पंचायत के मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह सभी अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

## अलग-अलग जन्म तिथि दिखा कर दो योजनाओं का ले रही लाभ सहेदा खातून

ओज कुमार जयसवाल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में फर्जीवाड़ा का एक नया खुलासा हुआ है। एक महिला अलग-अलग जन्म तिथि दिखाकर सरकार के दो योजनाओं का लाभ ले रही थीं। बीडीओ के संज्ञान में मामला आने के बाद कार्रवाई की गयी है। लाभ के तहत अब तक मिली राशि को जमा करने का नोटिस भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोंडो गांव निवासी सहेदा खातून राज्यकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरसा में संयोजिका के पद में कार्यरत है। उसने डन्म प्रमाण पत्र के लिए दो अलग-अलग आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बनवा रखा है। दोनों दस्तावेजों में अलग-अलग जन्म तिथि है। एक में जन्म तिथि 1971 दर्ज है। वहीं, दूसरे में 1 जुलाई 1956 है। वह मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना का लाभ भी ले रही है। यह लाभ 13 जुलाई 2017 से उसे मिल रहा है। खातून को 1956 वाले जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर वृद्धा पेंशन मिल रहा है। क्योंकि इस योजना के लिए 60 साल पूरा होना आवश्यक है। जबकि पहले दस्तावेज के अनुसार उसके 60 साल अभी पूरे नहीं हुए हैं। वह वृद्धा पेंशन की हकदार नहीं हैं। इस जालसाजी की जानकारी प्रशासन को लगी है। बीडीओ सुनीला खलखो ने तत्काल प्रभाव से सहेदा खातून का मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना के लाभ को रद्द कर दिया है। सहेदा खातून को योजना से अब तक प्राप्त 34800 रुपये प्रखंड नाजिर कार्यालय में जमा करने का नोटिस भी भेजा गया है।



## पुलिस ने अवैध आरा मिल पर चलाया बुलडोजर, जब्त किये लकड़ी के बोटे

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पहरा गांव में संचालित अवैध आरा मिल पर सोमवार को पुलिस प्रशासन का बुलडोजर चला है। बड़कागांव वन प्रक्षेत्र अधिकारी और केरेडारी थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने संयुक्त अभियान चलाकर अवैध आरा मिल को ध्वस्त कर लकड़ी के बोटे जब्त किये हैं। इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी ने बताया की वन विभाग को बीते काफी समय से सुचना मिल रही थी की इस क्षेत्र में अवैध आरा मिल संचालित की जा रही है।इसी आलोक में वन विभाग व केरेडारी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई कर अवैध आरा मिल को नस्ट किया गया है। आगे बताया की लकड़ी के बोटे को जब्त कर बड़कागांव वन प्रक्षेत्र कार्यालय में रखा गया है व अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## थाना प्रभारी ने निभायी अध्यापक की भूमिका

केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा सोमवार को एक अलग रूप में दिखे इस दिन इन्होंने अध्यापक की भूमिका में उतर कर लोगों को चोंका दियो प्रखंड मुख्यालय में बाजार टांड स्थित कन्या मध्य विद्यालय पहुंचे व विद्यालय की छात्राओं को डायन बिसाही सहित समाज की अन्य कुरीतियों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया और इसे लेकर छात्राओं को जागरूक भी किया। इसके साथ ही थाना प्रभारी ने छात्राओं को लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश का नाम रौशन करने की महत्वपूर्ण सलाह भी दी है। विद्यालय की छात्राएं थाना प्रभारी को अध्यापक के रूप में अपने पास देखकर अचंभित हो रही थी व छात्राओं ने उत्सुकता के साथ कई सवाल पूछे व थाना प्रभारी ने भी यथोचित उत्तर दियो वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी भी अपने छात्र जीवन को याद कर रोमांचित हो रहे थे।

## किसानों में मडुवा बीज का वितरण

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में हजारीबाग आत्मा एनएफएसएम ने बीटीएम श्याम कृष्ण देव की अध्यक्षता और पौधा संरक्षण पदाधिकारी रघुनंदन प्रजापति की संचालन में मडुवा बीज का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम और उप प्रमुख वचन देव कुमार के हाथों संयुक्त रूप से किसानों को मडुवा का बीज दिया गया। उप प्रमुख वचन देव कुमार ने किसानों से कहा कि हमारे झारखंड का मडुवा सबसे अहम फसल है इसे जरूर लगाएं यह कई गुणों से भरा होता है। कुल 50 किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात बीज वितरण किया गया। मौके पर कृषक मित्र के जिला अध्यक्ष डीलेश्वर महतो, कांग्रेसी नेता शमशेर आलम के अलावा कई महिला और पुरुष किसान उपस्थित थे।

## पेटो में टायर के अभाव में खड़ी है 108 एंबुलेंस, मरीजों को हो रही परेशानी

दारू (हजारीबाग)। प्रखंड क्षेत्र के लोगों को जीवन दान देने वाला 108 एंबुलेंस आज खुद बीमार पड़ा हुआ है। स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो में खड़ा यह एंबुलेंस का एक टायर ब्लास्ट कर गया है जिस कारण से यह एंबुलेंस पिछले एक सप्ताह से स्वास्थ्य उप केंद्र में खड़ा है । प्रखंड क्षेत्र में किसी तरह की सड़क दुर्घटना होने पर या आकस्मिक बीमार होने के पर लोगों को इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है । इस बारे में समाजसेवी पेटो निवासी छोटन कुशवाहा ने बताया कि एंबुलेंस का पिछला टायर ब्लास्ट कर गया है जिसके कारण टायर के तार निकले हुए हैं और एंबुलेंस में स्टेपनी टायर की भी सुविधा नहीं है । वह स्वास्थ्य अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि इस एंबुलेंस में जल्द से जल्द टायर की सुविधा दी जाए ताकि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों या अन्य लोगों को वक्त पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके।

## एसएमसी म. वि. बाहिमर की विशेष बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एसएमसी म. वि. बहिमर की विशेष बैठक मुखिया, ग्राम पंचायत बरगड्डा श्री रविकुमार दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय परिसर में जर्जर भवन को ध्वस्त करने, चहारदीवारी करवाने के संबंध में विमर्श किया गया। प्रधानाध्यापक मो. रियाजुद्दीन खान ने अतिथियों का स्वागत किया सुजीत कुमार, सहायक अध्यापक ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में निरंतर प्रगति से अवगत कराया। मुखिया जी ने चहारदीवारी करवाने हेतु प्रस्ताव जिला परिषद सदस्य के माध्यम से भेज दिये जाने की जानकारी दी तथा इसी सत्र में कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। बैठक में रामाधीन सिंह, प्रदीप सिंह, रघुनंदन पाण्ेय, सुधीर पांडेय, डिलचंद राम आदि ने अपने विचार रखे। बैठक में अध्यक्ष सुषमा देवी, मुक्ता देवी संगीता देवी सहित अनेक अभिभावक उपस्थित थे। बैठक का संचालन विद्यालय के छात्र सुधीर कुमार, कृष्णा पाण्डेय, कौशिक कुमार सिंह ने तथा सहयोग प्रीति कुमारी मीनाक्षी पांडेय सुमित पांडेय आदि ने किया।

## ट्रेड लाइसेंस को लेकर कई दुकानों पर हुई कार्रवाई लगाया गया जुर्माना

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर परिषद के द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस का औचक निरीक्षण सोमवार की शाम किया गया। इस दौरान नगर परिषद की टीम ने स्टेशन रोड में स्थित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की। जांच के दौरान शर्मा बुक सेंटर स्टेशन रोड, निखार गारमेंट्स, शिवम स्टील, सागर कलेक्शन, आयत स्टील, आजाद शू हाउस और सन्नी जिम पर जुमार्ना लगाया गया। 16 लोगों से कुल 21300 जुमार्ना की राशि वसूल की गयी । जल्दी लाइसेंस बनवाने को कहा गया अन्यथा नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही गयी है। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी, सफाई इंचार्ज राजूराम, बलराम कुशवाहा, मुकेश राणा, लखन सिंह, राजेश कुमार, भोला कुमार दास और नगर परिषद के अन्य कई कर्मी मौजूद थे।

### काली पोशाक पहन सेविका-सहायिकाओं ने रैली निकाल मनाया काला दिवस

# समाहरणालय पर आंगनबाड़ी यूनियन ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के आह्वान पर 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलनों की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर जिले की सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने काली पोषाक पहन जुलूस निकालकर जिला समाहरणालय पर प्रदर्शन कर सोमवार को देशव्यापी काला दिवस मनाया।

सेविका सहायिका को 26 हजार वेतन, ग्रेच्युटी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने, न्यूनतम मजदूरी का भुगतान और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़ने, इएसआइ पीएफ और ग्रेच्युटी सहित पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और आइसीडीएस का निजीकरण के खिलाफ मांग दिवस पर 745 आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी कर एकदिवसीय हड़ताल के माध्यम से इससे पूर्व झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के बैनर तले सेविका सहायिकाओं ने सब्जी मंडी कोडरमा बाजार से विशाल जुलूस निकाला जो रांची पटना रोड हुए समाहरणालय पहुंचकर विशाल प्रदर्शन और सभा में तब्दील हो गया। समाहरणालय स्थल पर हुई सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद और संचालन जिला सचिव वर्षा रानी ने किया जिसे सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला संयोजक रमेश प्रजापति, आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी और सुरेंद्र पांडेय ने सम्बोधित किया।

मुख्य वक्ता और सीटू नेता संजय पासवान ने कहा कि 27 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं, जो छह वर्ष से कम आयु के लगभग 8 करोड़ बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और ईसीसीई की बुनियादी सेवाएं प्रदान करती हैं। लेकिन न्यूनतम मजदूरी, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा जैसे लाभ यहां तक कि श्रमिक का दर्जा तक नहीं दिया जा रहा है। जहां देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है, वहीं हजारों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी न्यायोचित और जायज मांगों को उठाने के लिए सड़कों पर हैं। आंगनबाड़ी नेत्री मीरा देवी ने कहा कि छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में समस्या आ रही है।

प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय मांगों से सम्बन्धित मांग पत्र प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा गया। साथ ही नवंबर 2022 से बकाया मानदेय, एसीएसटी केंद्र में जनवरी व अन्य केंद्रों में मार्च महीने से बकाया पोषाहार राशि का भुगतान करने, बिना मोबाइल और डेटा रिचार्ज के पोषण ट्रैकर ऐप पर काम के लिए मजबूर न करने, आंगनबाड़ी केंद्र में प्रति माह गैस सिलेंडर रिफिलिंग करने, प्रथम तिमाही का चावल देनें, लाभुकों का आधार सिडिंग न होने पर पोषाहार और मानदेय की कटौती पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर उपायुक्त से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिलकर वार्ता किया। प्रदर्शन में चिन्तामणी, उर्मिला देवी, बेबी देवी, सरस्वती देवी, निलम यादव, अर्चना देवी, विमला देवी, कुमारी सरिता, मंजू मेहता, अनामिका, दीपा, हिना प्रवीण, पुष्पा रानी, लीला कुमारी, सोनी देवी, ललिता, संध्या वर्णवाल, कविता यादव, उमा मोदी, सुमैया जमीर, प्रभा, रेखा, संतोषी, रीता, अंजनी, आशा रवानी, सुनीता, तर्रनुम, श्रुति, ललिता कुमारी, निलीमा, लता, अंजु, मीरा, रेणु, आशा, सरिता सिन्हा, संध्या कुमारी, मुन्नी यादव, सुनीता मेहता, रेशमी, अफसाना खातुन, रीता, गीता, रामदुलारी, सुषमा, रीना, रेश्मा खातुन, नाजरा प्रवीण, संजीता, किरण, मीना एक्का, यास्मीन बानो, उषा, मीना, सहित सैकड़ों सेविका सहायिका शामिल थी।

## पुलिस ने दिन भर जंगल की छानी खाक, फिर भी नहीं मिला सिर

इचाक (आजाद सिपाही)। रविवार शाम इचाक थाना क्षेत्र के नेशनल पार्क स्थित लोटवा गांव जाने वाली सड़क के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का सर कटा शव मिला था। शव के शरीर पर भी कोई कपड़ा नहीं था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया था। काफी खोज बिन करने के बाद भी उक्त शव का सर नही मिला था। इचाक पुलिस सोमवार को फिर दिन भर लोटवा के अलावा नेशनल पार्क क्षेत्र में खाक छाना फिर भी सर नही मिला। प्रशिक्षु आइपीएस सह थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष से पूछे जाने पर बताया की शव मिलने के दिन भी और दूसरे दिन भी काफी खोज बिन की गयी मगर सर बरामद नही हो सका है।

# पसई मुखिया परमेश्वर गोप पर जानलेवा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटकमदाग।** प्रखंड अंतर्गत पसई पंचायत के मुखिया परमेश्वर गोप पर अज्ञात लोगो ने रविवार मध्य रात्री को हमला कर दिया, जिसमें मुखिया परमेश्वर गोप बुरी तरह घायल हो गये। घायल अवस्था में मुखिया के परिजनों ने उन्हें शेख भिखारी मेडीकल कालेज हजारीबाग में भर्ती कराया जहां वह इलाजरत हैं। मुखिया ने बताया की रविवार की रात करीब ग्यारह बजे वह शहर से पसई स्थित अपने घर पहुंचें ही थे की पहले से घात लगाये बैठे करीब सात-आठ लोगों ने उनपर हमला कर दिया। उन्होने कहा की हमलावर उनके गले में रस्सी बांधकर बगल में खड़ी स्कार्पीयों गाडी में बिठाना चाह रहे थे तथा घिसटते हुए मुझे कुछ दुर तक ले गये पर हो हल्ला सुनकर मेरी छोटी बहु और बेटा बाहर निकले और उन्हें देखकर हमलावर मुझे छोड़कर सभी उसी स्कापीयो गाड़ी में बैठकर भाग गये। मुखिया ने कहा की कुछ दिन पूर्व गांव में ही दो पक्षों के बीच कुछ विवाद हुआ था तथा ग्रामीणों ने एक पंचायत बुलायी थी जिसमें उनका भी जाना हुआ था। उपस्थित लोगों ने एक पक्ष को गलती ठहराते हुए हिदायत दी गयी थी की आगे से इस तरह की गलती ना करें इसी बात को लेकर उस पक्ष ने कई बार उनके साथ गाली ग्लौज और अभ्रद व्यवहार करते हुए देख लेने की धमकी दी । मुखिया ने जिला प्रशासन से हमलावरों की गिरफ्तारी तथा उनकी और उनके परिवार के सुरक्षा की गुहार लगायी है। जिस प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया है उससे यह प्रतीत होता है की एक जनप्रतिनिधि गलत को गलत नहीं कह सकता, प्रखंड मुखिया संघ इस घटना की घोर निंदा करता है तथा पुलिस से दोषीयों के अविलंब गिरफ्तारी की मांग करता है।

**राजेश गुप्ता, कटकमदाग मुखिया संघ अध्यक्ष :** अगर संबधित पक्ष को पंचायत में लिया गया फैसला मंजूर नहीं था तो वह कानून का सहारा लेता ,मुखिया संघ इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक हजारीबाग से मिलकर दोषीयों की गिरफ्तारी व कठोर सजा की मांग करेगा।

**रंजित मेहता, जिला अध्यक्ष मुखिया संघ हजारीबाग :** वही कटकमदाग थाना प्रभारी डी के प्रजापति ने कहा की अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अगर शिकायत की जाती है तो जांच कर उचित कारवाई की जायेगी।

# जयराम महतो ने कहा, केटीपीएस बांझेडीह में 60-40 नाय चलतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के बांझेडीह केटीपीएस के बगल सोमवार को सभा में जयराम महतो गरजते नजर आये । उन्होंने कहा कि विस्थापितों को केटीपीएस बांझेडीह के अधिकारी और दामोदर घाटी निगम के पदाधिकारियों ने लूटने का काम किया है। जहां एक और इनकी जमीनों को हड़प कर विद्युत पावर प्लांट सबस्टेशन खोला है, वहीं इन लैंड लूजर को अपने हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम झारखंडियों की मांगे झारखंड सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। रोजगार मांगने पर उसे लाठियों का मार सहना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी झारखंड सरकार मूकदर्शक बनी है। महतो ने कहा कि आने वाले दिनों में बेहतर विकल्प चुनते हुए खतियानी जोहार संघर्ष समिति के बैनर तले हम सभी को एकत्र होना होगा। हमें अपनी पार्टी मजबूत करनी होगी। उन्होंने कहा कि यहां के विद्युत से देश के महानगर रोशन हो रहे हैं और स्थानीय लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है पावर प्लांट से निकलने वाले धुंआ और गैस से लोगों का जीना दूभर हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में जाते हैं तो उन्हें पुलिस प्रशासन की लाठियों का शिकार बनना पड़ता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने नियोजन नीति में 60-40 के अनुपात को हम झारखंडी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर चंदन कुमार, अरविंद कुमार, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, रामकुमार, संतोष कुमार सहित सैकड़ों खतियानी संघर्ष समिति के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सावन की प्रथम सोमवारी के अवसर पर बुढ़वा महादेव मंदिर में विधायक ने किया रुद्राभिषेक

# बुढ़वा महादेव को विकसित करने के लिए होंगे विविध कार्य: अंबा प्रसाद

- क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि के लिए किया गया विराट रुद्राभिषेक, बुढ़वा महादेव मंदिर में पहुंचे हजारों लोग
- बड़कागांव वासियों को किये वादे को पूरा किया
- बुढ़वा महादेव पर्यटक स्थल घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा बड़कागांव महूदी में स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में श्रावण के पवित्र मास के प्रथम सोमवारी के अवसर पर रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को अहले सुबह विधायक अंबा प्रसाद बुढ़वा महादेव पहुंची और क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आयी जनता के संग साधु संतों की उपस्थिति में पूरे विधि विधान के साथ बाबा बुढ़वा महादेव का रुद्राभिषेक किया और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए भोलेनाथ से मंगल कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भगवान भोले शंकर के जयकारों औरओम नमः शिवाय के जप से गुंजायमान होता रहा। विधायक ने पूजा और रुद्राभिषेक के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद और खिचड़ी का वितरण किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकंपा से श्रावण के पवित्र मास में देवों के देव महादेव के अति प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर, महुदी, बड़कागांव में रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन कराया गया। मैं रुद्राभिषेक में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का नमन करती हूं। विधायक ने इस अवसर पर कहां कि समस्त बड़कागांव वासियों को चुनाव से पूर्व वादा किया था कि बुढ़वा महादेव को पर्यटक क्षेत्र घोषित करवाने का कार्य किया जायेगा। मेरी अनुशंसा पर जिला अभियंता को विविध कार्य करवाने के लिये डीपीआर बनाने का निर्देश दिया गया है जिसमें मुख्य रुप से पूरे बड़कागांव बुढ़वा महादेव मंदिर का सुंदरीकरण करने, जगह-जगह पर गार्डवाल का निर्माण सहित विविध कार्य का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि यथाशीघ्र बिजली पहुंचाने का कार्य बुढ़वा महादेव मंदिर में सुनिश्चित किया जायेगा। मौके पर बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, केरेडारी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उप प्रमुख बच्चन देव, बुढ़वा महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव झमन महतो,कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो, दामोदर प्रसाद मेहता अंजन प्रसाद, सुनील कुमार, नरेश साव, संजय सागर, रितेश ठाकुर, विक्की, पंचम कुमार, आनंद कुमार, काशीनाथ साव, छोटु साव, जागेश्वर कुमार दास, पंकज सिंह राजपूत, अमर कुमार, समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## एस एल गुप्ता ट्रस्ट ने श्रावण की पहली सोमवारी को बुढ़वा महादेव में किया पूजन सामग्री का वितरण

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने पवित्र श्रावण मास की पहली सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित शिवमंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से भाजपा के निर्वातमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, भाजपा नेता बटेश्वर मेहता और समाजसेवी कमलेश सिंह शामिल होकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया। कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नेतागण एवं समाजसेवियों को संस्थापक राकेश गुप्ता ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व उनकी कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर भाजपा के निर्वातमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि संस्थान का यह काफी अच्छा पहल है। हर व्यक्ति अपने दायित्व पर खरा उतर धार्मिक कार्यक्रमों में अवश्य दान पूण्य करना चाहिए। इससे हमारा बौद्धिक और समाजिकता की भावना का विकास होता है। संस्थान के संस्थापक राकेश गुप्ता ने कहा कि श्रावण मास के आठो सोमवारी को बुढवा महादेव में हमारा संस्थान द्वारा पूजन समाग्री का वितरण किया जाएगा। श्रावण की अंतिम सोमवारी को प्रसाद का भी वितरण यहां किया जायेगा। मौके पर विशेष रूप से डॉ भैया असीम, ऋषभ ऋषि और ऋषि कुमार शामिल थे।

## खदान में नहाने के दौरान मां की आंखों के सामने डूबने से बच्ची की हुई मौत

चरही (आजाद सिपाही)। चरही थाना क्षेत्र और रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड के संजना कुमारी पिता रंजीत चौहान पिंडरा निवासी 50 घंटे बाद भी मासूम बच्ची का शव नहीं मिला शनिवार 10 बजे जल समाधि के बाद रविवार और सोमवार को भी एनडीआरएफ टिम के रेस्क्यू के बाद भी बच्ची का शव नहीं मिल पाया टिम की मॉनिटर कर रहे जितेल कुमार ने कहा कि हमारे टिम रविवार को 6 घंटे और सोमवार को भी 5 घंटे रेस्क्यू मे लगा रहा ऑक्सीजन लेकर पानी की निचे भी खोज बिन किया मगर सफलता प्राप्त नहीं हुआ। पिंडरा पंचायत मुखिया देवलाल कुमार ने कहा कि सीसीएल की बड़ी लापरवाही के कारण ये घटना घटी है खदान को चारों तरफ से तार का घेराव होने से बोर्ड ने डेंजर जोन से इस प्रकार की घटना नहीं होता खुला जगह रहने की वजह से लोगों द्वारा नहाने या कपडा धोने के लिए खाद में जाता है सीसीएल प्रबंधन इसको तार का चारदीवारी नहीं करता है तो आए दिन और भी घटना घट सकती है। इधर मृतक के परिजनों ने रोरोकर बुरा हाल है क्षेत्र में गम का महौल बना हुआ है। सैकड़ों महिलाओं पुरूष कमा छोड़कर एनडीआरएफ मे लगे रेस्क्यू टिम को देख रहा है शव जामिन खा गई या आसमान निंगल गया ये तो भगवान ही जानते हैं।लेकिन सैंकड़ों ग्रामीण एवं एनडीआरएफ मॉनिटर जितेल कुमार टीम एंव चरही पुलिस एस ए आई जितमोहन महतो सशस्त्र बल के साथ मौजूद रहे

## सड़क हादसे में दो की मौत, चार घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन पर बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में इनोवा कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 4 लोग घायल हो गये। मृतकों की पहचान तनवीर (उम्र 26, पंजाब) और जमशेद (उम्र 31, हरियाणा) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में संजय कुमार, सुंदर यादव, मदन यादव (तीनों खेड़ाबार, जयनगर) और जसप्रीत सिंह (पंजाब) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार मृतक एआरवी, जेडीएनएस कंपनी के अंतर्गत बांझेडीह प्लांट केटीपीपी में सुपरवाइजर का काम करते थे। सभी उक्त गाड़ी से कहीं जा रहे थे। फोर लेन पर बीती रात एक पेड़ में टकराने के बाद गाड़ी खायी में गिर गयी और मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गयी। सभी को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जिसके बाद जमशेद और तनवीर को मृत घोषित कर दिया गया जबकि चारों घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे कर्मी

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। कृषि निदेशक, झारखंड सरकार द्वारा वीएलडब्लू, जनसेवकों के ग्रेड वेतनमान 2400 ग्रेड पे से संशोधित कर 2000 ग्रेड पे किए जाने के आदेश के विरुद्ध पूरे राज्य के जनसेवक आंदोलनरत हैं। राज्य स्तरीय धरना और कलम बंद हड़ताल के बाद विगत 2 महीनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं और राजधानी रांची में नेपाल हाउस सचिवालय के समक्ष राज्य स्तरीय धरना दे रहे हैं। कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री तथा विभागीय सचिव और मुख्य सचिव से वार्ता के बावजूद अब तक इस आदेश को रद्द करते हुए ग्रेड पे पुनर्स्थापित नहीं किया गया है। जनसेवकों की 11 सूत्री मांग पर भी किसी प्रकार का विचार नहीं किया गया है जिससे समस्त कर्मचारी वर्ग में आक्रोश है और जनसेवक संवर्ग के जायज मांगों के समर्थन में झारोटेफ, एनएमओपीएस झारखंड ने एकदिवसीय काला बिल्ला कार्यक्रम निर्धारित किया है जिसके तहत कोडरमा जिले के सभी कर्मी और शिक्षक कल दिनांक 11 जुलाई को काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने कार्यालय और विद्यालयों में काम करेंगे। इसकी जानकारी डॉ वासुदेव राम, जिला संयोजक कोडरमा एनएमओपीएस, झारोटेफ ने दी। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद यदि सरकार तत्काल जन सेवकों का 2400 ग्रेड पे पुनर्स्थापित नहीं करती है तो एनएमओपीएस झारखंड, झारोटेफ पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## बजरंगदल हजारीबाग जिला के सुरक्षा प्रमुख बनाये गये उमेश गुप्ता

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद तीन दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई जिसमें सूत्रों के मुताबिक कटकमसांडी के रहने वाले उमेश गुप्ता को हजारीबाग बजरंगदल के जिला सुरक्षा प्रमुख बनाए गये वही उमेश गुप्ता ने बताया तीन दिवसीय इस प्रांत कार्य समिति बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे केंद्रीय महा मंत्री माननीय मिलिंद प्रांडे जी उनकी गरिमायी उपस्थित में जो दायित्व और मार्गदर्शन जो हमे प्राप्त हुआ है उसे में पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा और हिन्दू समाज और हिंदुओं के मानबिंदुवो के ऊपर हो रहे षड्यंत्र और अत्याचार के खिलाफ में सुरक्षा प्रदान करूंगा बजरंगदल के जिला टोली में जुड़ कर में बहुत खुश हूं अपने बड़े भाई प्रशांत सिंह के कुशल नेतृत्व में संगठन अच्छा कार्य कर रही है अब उनके साथ जुड़कर और समाजहित और संगठन विस्तार में कार्य करना ही मेरी जिम्मेदारी है।

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया सावित्री बाइ फुले किशोरी समृद्धि रथ को रवाना

**चतरा (आजाद सिपाही)।** बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने तथा किशोरियों और बालिकाओं के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने और सभी योग्य किशोरियों को लाभांवित करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुनि कुमारी ने सावित्री बाई फुले जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी 12 प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक करने का काम करेगी। इस मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुनि कुमारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में 8100 किशोरियों को लाभांवित करने का लक्ष्य प्राप्त है। इस लक्ष्य के विरूद्ध अबतक 1538 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 181 आवेदनों को स्वीकृत कर लाभुकों को लाभांवित किया जा रहा है। शेष आवेदनों का जांचोपरांत लाभुकों को लाभांवित किया जायेगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आगे बताया कि इस योजना से किशोरियों को अपने जीवन में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाने का उद्देश्य है। सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों यानि आरटीई के अंर्तगत कार्यरत विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोरियों को इसका लाभ मिलेगा तथा वैसे किशोरी जो विद्यालय में पढ़ाई छोडकर अपने घर में रह रही हैं वैसी किशोरियों को स्कुल या कॉलेज से जोड़ने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाभांवित किशोरियों को मिलने वाली राशि छात्रवृति की राशि के अतिरिक्त मिलेगी। इस मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज कुमार मुनी, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेष रजक, बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका तथा आंगनबाडी केन्द्रों की सेविका उपस्थित थे।

## नवनियुक्त अपर सरकारी वकील ने दिया योगदान

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय में नवनियुक्त अपर सरकारी वकील चंद्रिका सिंह और कौशल कुमार सिन्हा ने योगदान दे दिया है। जिसके के बाद जिला के जीपी संजीव कुमार अंबष्ठा ने दोनों अधिवक्ताओं के कार्यों का बंटवारा किया। जिसमें चंद्रिका सिंह को सिविल, राजस्व से संबंधित अपर समाहर्ता, सिविल जज, सीनियर डिवीजन, रामगढ़ और सिविल जज जूनियर डिवीजन, रामगढ़ में अभिलेखों के कार्यों को सौंपा गया। जिसमें वे उपस्थित होकर सरकार का पक्ष रखेंगे। साथ ही जरूरी अभिलेखों को बनाए रखना और मासिक रूप से सिविल कोर्ट और इनको आवंटित प्रत्येक केसों के परिणाम और स्टेटस को संग्रहित करना है। वहीं दूसरी ओर अपर सरकारी अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा को कमीश्नर नॉर्थ छोटानागपुर डिवीजन, हजारीबाग, डी०एफ०ओ०, रामगढ़, सी०बी०सी० ट्रिब्यूनल रांची, एल0आर0डी०सी०, रामगढ़ के साथ-साथ सिविल जज जूनियर डिवीजन, रामगढ़, सिविल जज सिनियर डिवीजन, रामगढ़ के न्यायालय में अभिलेखों का कार्यभार सौंपा गया है। जिसमें वे उपस्थित होकर सरकार का पक्ष रखेंगे। साथ ही इनके द्वारा निष्पादित सारे अभिलेखों का संग्रह और इनको आवंटित कार्यों को भी संग्रहित करते हुए प्रत्येक माह सरकारी अधिवक्ता, रामगढ़ को जानकारी उपलब्ध करायेंगे। इसके अलावा सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अंबष्ठा ने यह भी कहा कि दोनों सहायक अधिवक्ताओं को आवंटित जिम्मेवारियों और कार्य व्यवस्था की समीक्षा जरूरत के अनुरूप की जाती रहेगी। उन्होंने बताया कि न्यायालय कार्यों के आवंटन की सूचना दोनों सहायक सरकारी अधिवक्ता को दिया गया है।

## विधायक पहुंचे टूटी झरना मंदिर, की पूजा-अर्चना

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल सपरिवार सावन की पहली सोमवारी पर अति प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। मंदिर पुजारी शैलेश पांडेय ने जेपी पटेल सपरिवार को गर्भगृह में विधिवत पूजार्चना कराया। तत्पश्चात विधायक जेपी पटेल ने आयोजित भंडारे का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। वही, स्थानीय दुकानदारों ने प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में वर्षों से लगे दुकान को हटाये जाने से होने वाले उत्पन्न रोजी रोटी समस्याओं से अवगत कराते हुए पहल करने का अनुरोध किया। जिसपर विधायक ने जिला प्रशासन से बात कर शीघ्र ही समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, नप अध्यक्ष मनोज गिरी, नीरज झा, अशोक कुमार, रवि साहू, मनोज महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

## जिप अध्यक्ष ने शिवालय में पूजा अर्चना कर क्षेत्र का किया भ्रमण

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद अध्यक्ष सह वार्ड नं0 10 से निर्वाचित जिप सदस्य ममता कुमारी ने सावन की पहली सोमवारी के मौके पर अपने निर्वाचन क्षेत्र के कई शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना किया तथा जलाभिषेक कर दर्शन किया। तथा क्षेत्र में अमन चैन और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावे जिप अध्यक्ष ने प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान जिप अध्यक्ष ने प्रखंड के तेतरिया शाही गांव में ट्रांसफर्मर का उद्घाटन किया तथा ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या से अवगत होते हुए उसके समाधान करने का प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। भ्रमण के दौरान कटैया गांव के बासुदेव भारती के जनवितरण प्रणाली की दूकान का निरीक्षण किया तथा समय पर खाद्यान वितरण का आदेश दिया। तीन माह से टेक्निकल खराबी के कारण खाद्यान वितरण नहीं होने पर जिप अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त किया तथा इस समस्या को अविलंब दूर कर समय पर ही खाद्यान आपूर्ति का निर्देश दिया। इस मौके पर अध्यक्ष के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लिलाजन नदी से निकाली कलश यात्रा

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कौलेश्वरी पहाड़ पर स्थित शिवालय में सावन मास के प्रथम सोमवारी के मौके पर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था हंटरगंज स्थित लीलाजन नदी से जल भरकर पैदल मंदिर पहुंचा। इस दौरान कांवरियों ने हर-हर महादेव और भोलेनाथ की जय के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। कांवरियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष सावन का महीना 58 दिनों का है। जिसमें 8 सोमवारी है। और यह दुर्लभ संयोग लगभग 19 वर्ष बाद बना है। सावन के मौके पर इस कलश यात्रा का प्रारंभ 5 वर्ष पूर्व प्रखंड के बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पंतजलि योग पीठ के संयुक्त प्रयास से प्रारंभ किया गया था। कलश यात्रियों के लिए रास्ते में शर्बत, ठंढा पानी, तथा मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए फल और खिचड़ी की व्यवस्था की जाती है। इस कार्यक्रम में पतंजलि के जिला प्रभारी अभय कुमार, सुनील प्रजापति, लड्डु सिंह, सुमन मिश्रा, भवानी सिंह, दिलीप विश्वकर्मा, अनिल, जयद्रथ आदि ने अहम सराहनीय भूमिका निभाया।

### जनसंख्या स्थिरता अभियान को लेकर सिविल सर्जन ने की प्रेसवार्ता

# 11 से 31 जुलाई तक चलेगा जनसंख्या स्थिरता अभियान

**25 हजार महिलाओं को गर्भनिरोधक गोलियां खिलाने का लक्ष्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जनसंख्या स्थिरता अभियान को सफल संचालन और जागरूकता को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने प्रेस वार्ता किया। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा आबादी वाला देश बन गया है। जिसपर काबू पाना एक चुनौति है। जिसके लिए जिले में एक अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने बताया कि पखवाड़ा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित की जा रही है। जुलाई माह में सभी योग दंपत्ति जो परिवार नियोजन की सेवाएं स्थाई और अस्थाई दोनों में से कोई विधियों को अपनाना चाहेंगे तो उन्हें सदर अस्पताल में सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ चयनित निजी अस्पतालों में भी सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत जो कर्मी व चिकित्सक उत्कृष्ट कार्य करेंगे उन्हें जिला स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले जनसंख्या स्थिरता अभियान में जनसंख्या पर काबू पाने के लिए कई तरह के उपाय अपनाए जा रहे हैं। इसके लिए सदर अस्पताल सहित 4 सीएचसी और 3 निजी अस्पतालों में महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी, प्रसवोत्तर नसबंदी और गर्भधारण रोकने वाला उपकरण जैसे कि कौपरेटिव आदि लगाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावे सभी सरकारी अस्पतालों में अन्य कई तरह के लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाले महिलओं को 25 हजार खुराक गर्भनिरोधक गोली और 1.30 हजार कॉन्डोम भी देने का लक्ष्य निर्धारित है। नसबंदी करने वालों को 2 से 3 हजार तक प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी।


भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

**विज्ञापन संख्या 15/वाईपी-I/2023-24**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"स्थायी कृषि और समावेशी विकास के लिए स्टील स्लैग-आधारित कम खर्च वाले पर्यावरण-अनुकूल उर्वरकों का विकास" (ईएपी-344)** परियोजना के लिए **एक (01) यंग प्रोफेश्नल-I** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **20.07.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **20.07.2023** for selection of **one (01) Young Professional-I (YP-I)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme entitled **"Development of steel slag-based cost-effective eco-friendly fertilizers for sustainable agriculture and inclusive growth" (EAP-344).** The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in.**

**प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR**


## पीवीयूएनएल के अफसरों ने किया सड़क का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू में शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन तक लगभग 7 सौ मीटर सड़क निर्माण और नाली निर्माण को लेकर सोमवार को पीवीयूएनएल सीएसआर विभाग के समरेश चंद्रा और प्रखर सक्सैना सहित अन्य अधिकारियों ने सड़क का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार के द्वारा इस सड़क और नाली निर्माण के लिए कई बार आवेदन दे चुके हैं और पीवीयूएनएल अधिकारियों से मिलकर अपील कर चुके हैं। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान आम आवाम के लिए इस सड़क की उपयोगिता की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सुभाष साहू, सुजीत गुप्ता, रमेश प्रसाद, अरुण साहू, बालकिशन अग्रवाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## छापामारी में नकली शराब की 90 बोतल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त के निर्देश पद उत्पाद अधीक्षक द्वारा पत्थलगड्डा प्रखंड के चिटुवा क्षेत्र में अवैध नकली शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। उत्पाद अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चलायी गयी छापामारी अभियान में चिटुवा क्षेत्र से माकडोवेल नंबर 1 के 375 एमएल की 90 बोतल तथा 1490 नकली ढक्कन, आरएस के 1640 नकली ढक्कन, नकली रंगीन शराब 40 लीटर, 722 नकली स्टिकर तथा 749 नकली होलोग्राम भी बरामद किया गया। इस अभियान में उत्पाद अधीक्षक षिव कुमार साहु, उत्पाद अवर निरीक्षक निर्मल मरांडी और गृह रक्षा वाहिनी के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## मुहर्रम को लेकर बरकाकाना में हुई बैठक

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** मिलते इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया कमेटी की बैठक मदरसा मदीनतुल उलूम घुटुवा में संपन्न हुई। बैठक की सदारत मरकज के सदर हाजी ताहिर हुसैन व संचालन सचिव प्रो शाहनवाज खान ने किया। बैठक की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से की गयी। बैठक में एक अहम निर्णय यह लिया गया कि इलाके के मुहर्रम की जुलूस में साधारण साउंड सिस्टम इस्तेमाल में लाया जायेगा साथ ही सभी अखाड़े की जुलूस वक्त की पाबंदी करते हुवे 4:45 बजे तक थाना चौक, नया नगर बरकाकाना (घुटुवा) पहुंचेगी। जहां प्रत्येक वर्ष की तरह पारंपरिक अस्त्र शस्त्र मुकाबला होगा। अस्त्र शस्त्र मुकाबला में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम के अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भी पुरस्कृत किया जायेंगे। उसके अलावा वक्त की पाबंदी सहित अनुशासन का पालन करने वाले अखाड़े को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा। थाना चौक में फर्स्ट एड और पेयजल का समुचित व्यवस्था किया जायेगा। कमिटी का विस्तार करते हुए पीरी से जलील अंसारी, नसीम अंसारी, मो फिरोज, बरकाकाना से दुर्वेज आलम, वारिस अहमद, विक्की खान, दुर्गी से सालेहात अंसारी, मो रफीक, मो रिजवान, गुलाम रब्बानी, मो सलीम, सहमत अंसारी, मो जकाऊल्लाह, मो तनवीर मसमोहना से तफज्जुल अंसारी, राजा खान, शाहनवाज इराकी, शाहरुख अहमद, तनवीर अहमद, नौसाद आलम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डीसी से मिलीं रामगढ़ विधायक, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विधायक सुनीता चौधरी सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा से मिलकर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराई। साथ ही समस्याओं को जल्द समाधान करने की बात कही। विधायक ने तालाब पोखर, जोरहट की प्रकृति अपरिवर्तनीय रखने के सर्वोच्च न्यायालय के न्याय आदेश के बावजूद रामगढ़ में भूमि माफियाओं के द्वारा अवैध तरीकों से षड्यंत्र के तहत रामगढ़ के धंधार पोखर, थाना चौकी स्थित तालाब, कुम्हार टोली स्थित तालाब, कैथा तालाब तथा दुलमी प्रखंड इचातु स्थित सार्वजनिक तालाब को दूषित कर अवैध कब्जा का प्रयास करने सहित अन्य मुद्दों को डीसी के समक्ष रखी। साथ ही छावनी परिषद क्षेत्र में खराब सड़कों और नालियों का निर्माण नहीं होने से हो रही समस्या से भी अवगत कराया। इसके अलावा ललकी घाटी से मरंगमरचा पीडब्ल्यूडी पथ, कुल्ही चौक से बड़कीपोना पीडब्ल्यूडी पथ, एनएचआइ द्वारा बनाए जा रहे गोला-और मांझी फोर लेन, गोला-जैनामोड फोरलेन में रैयतो को मुआवजा मिलने में हो रही विलंब जिला भू-अर्जन और अंचल कार्यालय के द्वारा हो रहे अनियमितता से भी अवगत कराई। उन्होंने बताया कि दुलमी प्रखंड के उरवा गांव का रजिस्टर टू गायब करा दिया गया है। नल जल योजना के तहत विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं में हो रही अनियमित जलापूर्ति पर कार्रवाई नहीं होने और शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही पेयजल की समस्या से कराकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। जिसपर डीसी ने सकारात्मक आश्वासन दी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजसू पार्टी दिलीप दांगी, उपाध्यक्ष नगर परिषद मनोज महतो, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, पंकज कुमार महतो, रामकिसून मुंडा आदि उपस्थित थे।

## तार की चपेट में आने से युवक घायल

**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा बस्ती स्थित मुस्लिम टोला में हाइटेंशन तार में सटने से एक सेटरिंग मजदूर बुरी तरह झुलस गया। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार लंपगा बस्ती के मुस्लिम टोला में सोमवार को स्थानीय अब्दुल खालिक के दोतल्ला मकान की ढलाई के लिए सेटरिंग का काम हो रहा था। इसके लिए हजारीबाग जिले के बड़कागांव से मजदूर बुलाये गये थे। सुबह काम के दौरान बड़कागांव प्रखंड के नापो गांव निवासी 45 वर्षीय मजदूर दिनेश साव बांस-बल्ली लगा रहा था। इसी दौरान बांस डीवीसी के हाइटेंशन तार से सट गया। दुर्घटना में मजदूर झुलस कर मकान के नीचे गिर गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। एंबुलेंस की मदद घायल मजदूर को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए उसे रांची रेफर कर दिया गया। इधर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

## श्रावण माह की पहली सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सोमवार को श्रावण माह के पहली सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र व प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान हर हर महादेव, ऊः नमः शिवाय सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष मत्था टेक अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अमन-चैन और हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित शिव मंदिर, सयाल मोड शीतला मंदिर, पटेलनगर शिव मंदिर व गायत्री मंदिर, हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर सहित क्षेत्र के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही जुटे रहें। वहीं सावन माह के पहली सोमवारी पर भुरकुंडा, रिभर साईड, लपंगा, चैनगडा, सौंदा डी, हॉस्पीटल कॉलोनी, कुरसे, चिकोर, लादी, देवरिया, मतकमा, पाली, निमी, सुद्दी, बलकुदरा, बासल आदि क्षेत्रों के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी सोमवारी पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का खरवार भोगता समाज विकास संघ ने किया स्वागत

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ ने रांची में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू के नेतृत्व में संघ के लोगो ने बाबूलाल मरांडी को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। स्वागत करने वालो में संघ के केंद्रीय सलाहकार झलकू गंझू, केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता, केंद्रीय कोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू, युवा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष उमेश सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू ,केंद्रीय सदस्य विश्वनाथ गंझू, रामजीत गंझू, कजरु गंझू, बंधन गंझू, संजय गंझू, मंगल सिंह भोगता, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, बोकारो जिला अध्यक्ष सोहन गंझू, लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेमचंद्र गंझू, गुमला जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान, सचिब भरत प्रधान, चतरा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल गंझू, लातेहार युवा संघ अध्यक्ष प्रकाश गंझू, बोकारो युवा संघ अध्यक्ष भोला भोगता, लातेहार जिला सचिव सत्यानारण गंझू, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता, सेवा गंझू, दिलीप गंझू, बहुरा गंझू, परमेश्वर गंझू, रामदयाल गंझू, रामेश्वर भोगता आदि शामिल थें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर उपलब्धि नहीं होने पर उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

**दिव्यागों के प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए लगाया जायेगा शिविर**

**शहर होगा अतिक्रमण मुक्त, नपा के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला समंवय समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अबु इमरान ने किया। इस मौके पर वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, भीम राव अंबेदकर आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आपूर्ति विभाग और पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना के लक्ष्यों के विपरीत किये गये कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारी को भूमि चिन्हित नहीं होने के कारण लंबित कार्यों को भूमि चिन्हित कर कार्य प्रारंभ करने तथा जहां कार्य पूरा हो चुका है वहां चेंजिंग रूम बनाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना की समीक्षा में प्रत्येक पंचायत में पांच योजना संचालित करने तथा सभी कार्यो का जियो टैगिंग सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्दश दिया गया। जबकि सिमरिया, कान्हाचट्टी, हंटरगंज और चतरा प्रखंड में इस योजना का लक्ष्य के विरूद्ध बेहतर कार्यशैली नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए ससमय लक्ष्य को पूरा करने तथा व्यापक प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को जागरूक करने, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत अगले शनिवार को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने, आंगनवाडी केंद्र की मरम्मति और नये केंद्रों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने प्राक्कलन संबंधी सभी दस्तावेज ससमय उपलब्ध कराने तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजना की समीक्षा करते हुए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योग्य किशोरियों को लाभांवित करने, सेविका और सहायिका के प्रगति प्रतिवेदन की समय-समय पर समीक्षा करने, तथा मरम्मति और निर्माण कार्य पूर्ण होने वाले आंगनबाडी केंद्र के भवनों को हैंडओवर करने के अलावे सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी लंबित आवेदनों की जांचोपरांत नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने और दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण - पत्र निर्गत करने के लिए विशेष शिविर लगाने तथा सर्वजन पेंशन योजना के अंर्तगत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल कीट का वितरण

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में सोमवार को बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा स्वयं के खर्च से खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल, जर्सी, बूट जूता आदि खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि इस पंचायत के बच्चे फुटबॉल खेल अच्छा खेलते हैं जिसका उदाहरण विगत मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में देखने को मिला हैं। इसलिए फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने हेतु पंचायत के सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग ग्राम पंचायत की ओर से दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने से नशा मुक्ति अभियान को भी सफलता मिलेगी।

# बंगाल में क्यों नहीं रुकती हिंसा

जैसा कि लग रहा था, पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद परस्पर दोषारोपण का खेल शुरू हो चुका है। तमाम पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। राज्य चुनाव आयुक्त भी इसमें पीछे नहीं रहे। वह जिला प्रशासन को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि चुनावों के दौरान ऐसी हिंसा बेहद गंभीर और चिंताजनक है। खासकर इसलिए भी कि इसकी आशंका पहले से जाहिर की जा रही थी और सभी संबंधित एजेंसियों के पास इसे रोकने के लिए योजना बनाने और उन पर सही ढंग से अमल की तैयारी करने का काफी वक्त था। इसलिए हाइकोर्ट के निर्देश के बावजूद अगर केंद्रीय सुरक्षा बलों की समय पर सही ढंग से तैनाती नहीं हो सकी तो इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए कि गड़बड़ी कहां और किस तरह की हुई। मगर फिर भी न तो इस मुद्दे को तात्कालिक नजरिए से देखा जा सकता है और न ही महज कानून व्यवस्था की समस्या के रूप में। हिंसा इस राज्य के राजनीतिक जीवन का एक तरह से अभिन्न हिस्सा बन गया है। कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं है। एक समय में बिहार जैसे राज्य चुनावी हिंसा का पर्याय माने जाते थे, लेकिन धीरे-धीरे वहां भी हालात बदले और अब चुनावी हिंसा अपवादस्वरूप ही देखने को मिलती है। पर पश्चिम बंगाल में स्थिति लगभग जस की तस बनी हुई है। सरकार बदलने का भी कोई असर इस मामले में नहीं दिखा। इसी सदी की बात करें तो 2003 में हुए पंचायत चुनाव असाधारण हिंसा के लिए जाने गये। वोटिंग के दिन 40 लोग मारे गये थे, तब वहां वाम दलों का शासन था, लेकिन 2011 में राज्य में सरकार बदल जाने के बाद भी चुनावों में जोर-जबर्दस्ती का ट्रेंड नहीं बदला। 2013 और 2018 के पंचायत चुनावों में भी वोटिंग के दिन क्रमशः 13 और 14 लोग मारे गये थे। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी यही स्थिति रहती है। राज्य में 2019 के लोकसभा चुनावों में 9 और 2021 के विधानसभा चुनावों में 16 मौतें दर्ज हुई थीं। बेशक सत्ता में तृणमूल कांग्रेस है, इसलिए हिंसा रोकना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है, लेकिन ऐसे मामले में अन्य दलों को भी उनके दायित्व से मुक्त नहीं किया जा सकता। ताजा हिंसा की ही बात करें तो यह तथ्य तो अपनी जगह है ही कि मारे गये लोगों में सबसे ज्यादा संख्या तृणमूल कांग्रेस के ही लोगों की है। लेकिन बड़ी बात यह है कि प्रदेश में राजनीतिक विभाजन इतना तीखा हो गया है और इतनी गहराई तक पहुंच चुका है कि आम लोगों का बड़ा हिस्सा ही नहीं, सरकारी एजेंसियों और संवैधानिक संस्थाओं तक पर उसका प्रभाव दिखने लगा है। जाहिर है समस्या गहरी है और इसका इलाज भी लंबा चलेगा, लेकिन इलाज शुरू तो हो।

**राज्य में 2019 के लोकसभा चुनावों में 9 और 2021 के विधानसभा चुनावों में 16 मौतें दर्ज हुई थीं। बेशक सत्ता में तृणमूल कांग्रेस है, इसलिए हिंसा रोकना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है, लेकिन ऐसे मामले में अन्य दलों को भी उनके दायित्व से मुक्त नहीं किया जा सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले नौ वर्षों में इन समुदायों के लोगों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा कुछ प्रमुख योजनाएं कार्यान्वित की गयीं हैं।**

# सामाजिक न्याय और अधिकारिता की ओर आगे बढ़ना

डॉ वीरेंद्र कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय समाज में हाशिए पर रहने वाले और वंचित समुदायों, जैसे एससी, ओबीसी, इबीसी, डीएनटी, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिक, सफाई कर्मचारी आदि के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले नौ वर्षों में इन समुदायों के लोगों के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा कुछ प्रमुख योजनाएं कार्यान्वित की गयीं हैं।

भारत में अध्ययन के लिए अनुसूचित जाति के छात्रों को मैट्रिक के बाद दी जाने वाली छात्रवृत्ति का उद्देश्य सबसे गरीब घरों के अनुसूचित जाति के छात्रों के सन्दर्भ में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि करना है। 2019-20 के दौरान 11-12वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 52.9% था, जो 2020-21 के दौरान बढ़ कर 56.1% और 2021-22 के दौरान 61.5% हो गया। 2014-15 से अनुसूचित जाति के 4.87 करोड़ से अधिक छात्रों को लगभग 29828.80 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। अनुसूचित जाति और अन्य के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति के उन छात्रों के लिए है, जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है। 2019-20 के दौरान 9-10वीं में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों का सकल नामांकन अनुपात 83% था, जो 2020-21 के दौरान बढ़कर 84.8% और 2021-22 के दौरान 84.9% हो गया। 2014-15 से अनुसूचित जाति के 2.31 करोड़ से अधिक छात्रों को 3528.17 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना (श्रेयस) तथा निःशुल्क कोचिंग (एफसीएस) के तहत एससी और ओबीसी के 19995 से अधिक छात्रों को 2014-15 से केंद्रीय सहायता के रूप में 109.79 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। एससी के लिए शीर्ष श्रेणी की छात्रवृत्ति योजना (टीसीएस) के तहत 2014-15 से 21988 से अधिक एससी छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 399.15 करोड़ रुपये जारी किये गये। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के तहत अनुसूचित जाति, गैर- अधिसूचित, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर श्रेणियों के 950 से अधिक चयनित छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 2014-15 से 222.24 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी। एससी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप (एनएफएससी) के तहत 2014-15 से 21066 से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता राशि के रूप में 1628.89 करोड़ रुपये जारी किए गए। लक्षित क्षेत्रों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए उच्च विद्यालयों में आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) के तहत 2014-15 से 3.18 लाख से अधिक छात्रों को केंद्रीय सहायता के रूप में 457.22 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी।

**पीएम-एजेएवाइ योजना के तहत 2023-24 के लिए कुल अनुमानित परिव्यय 2050.00 करोड़ रुपये है।**

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाइ) का लक्ष्य कौशल विकास, आय-सृजन योजनाओं और अन्य पहलों के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा सृजन करना है। पीएम-एजेएवाइ एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें 03 पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया है, जो इस प्रकार हैं - (i) पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का आदर्श ग्राम घटक; 2022-23 में 11500 अन्य गांवों को भी शामिल किया गया है; 4351 गांवों को पहले ही आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है (ii) अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीए से एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता; वित्तीय सहायता 50,000 रुपये या परियोजना लागत का 50%, जो भी कम हो, प्रति लाभार्थी या परिवार है (iii) छात्रावास घटक त्नपूर्ववर्ती बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाइ)। पीएम-एजेएवाइ योजना के तहत 2023-24 के लिए कुल अनुमानित परिव्यय 2050.00 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता इकोसिस्टम कार्रवाई (नमस्ते) का उद्देश्य सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की मौत को रोकने और स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफाई कार्यों के मशीनीकरण को बढ़ावा देना है। बैंकों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए 5.00 लाख रुपये तक की पूंजीगत सब्सिडी और ब्याज सब्सिडी प्रदान की जाती है। हाथों से मैला सफाई करने वाले सफाईकर्मियों के पुनर्वास के लिए स्व-रोजगार योजना (एसआरएमएस) के एक भाग के रूप में, 2014-15 से ऐसे 22,294 सफाईकर्मियों और उनके आश्रितों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित किया गया है। 508 जिलों ने कर्मियों द्वारा मैला सफाई की प्रथा से स्वयं को मुक्त घोषित कर दिया है। अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाइएवाइ) वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्रय, वित्तीय सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और मानवीय संपर्क या गरिमापूर्ण जीवन की सुविधा देती है। 2014-15 से 6,67,330 लाभार्थियों को 511.81 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। 2019-20 से 2022-23 तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए राज्य कार्ययोजना (एसएपीएसआरसी) योजना के तहत 43.13 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। 2017-18 से, आरवीवाइ के तहत आयोजित 265 शिविरों में 2,99,942 लाभार्थियों को 24,649.98 लाख रुपये की कीमत के कुल 12,24,645 उपकरण वितरित किये गये हैं।

नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) 15 अगस्त 2020 को 32 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए तैयार और लॉन्च किया गया था। अभियान की गतिविधियों में लगभग 3.08 करोड़ से अधिक युवाओं, 4,000 से अधिक युवा मंडलों, एनवाइकेएस और एनएसएस के स्वयंसेवकों और युवा क्लबों ने भाग लिया है। देश भर के 6000 से अधिक स्कूलों के 13 लाख से अधिक छात्रों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है।

प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम-दक्ष) का उद्देश्य नौकरी खोजने या स्व-रोजगार उद्यम शुरू करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला कौशल प्रदान करना है। वित्त वर्ष 2020-21 में लाभार्थियों की संख्या लगभग 32097 और 2022-23 में लगभग 35484 थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्कृष्ट नेतृत्व में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय पिछले 9 वर्षों से समाज के वंचित वर्ग के सम्मान, प्रगति और सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के लिए लगातार काम कर रहा है और मंत्रालय ने प्रतिष्ठित उपलब्धियां भी हासिल कीं हैं।

**(लेखक : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# स्वास्थ्य मंत्री ने पत्नी के साथ सोमनाथ शिव मंदिर में की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं। भोलेनाथ नाम के जाप मात्र से ही हर कष्ट से मुक्ति मिलती है। भगवान महादेव की पूजा से हर कार्य में सफलता मिलती है। मंत्री पहली सोमवारी के अवसर पर जमशेदपुर के डिमना चौक स्थित श्री सोमनाथ शिव मंदिर में धर्म पत्नी सुधा गुप्ता के साथ पूजा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने 251 भक्तों की कलश यात्रा को भी रवाना किया। जिन्होंने स्वर्णरेखा नदी में जाकर जल अर्पण किया। साथ ही उन्होंने राज्यवासियों की खुशहाली और समृद्धि की भी कामना की। इससे पहले सोमनाथ मंदिर समिति के संयोजक दीपक गुप्ता ने मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी सुधा गुप्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, जबकि पूजा समिति की तरफ से शिव परिवार का फोटो भेंट की गयी। पूजा अर्चना पंडित बिपिन झा की ओर से पूर्ण कराया गया।

# वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंडल अध्यक्ष का निधन, पूर्व सीएम ने जताया गहरा शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा महानगर के दो दिग्गज नेता बिरसानगर निवासी जयनारायण सिंह व गोविंदपुर निवासी किशोरी लाल का निधन सोमवार सुबह टाटा मोटर्स अस्पताल में हो गया। दोनों नेता बीते कुछ दिनों से बीमार थे। सोमवार को दोनो नेताओं के आकस्मिक निधन होने से भाजपा नेता और कार्यकर्ता निवास स्थान पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वही पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा जयनारायण सिंह एक मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने टेल्को मजदूर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनके द्वारा किये गये मजदूर हित एवं सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास ने कहा भाजपा गोविंदपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष रहे किशोरी लाल एक अभिभावक के रूप में थे। उनकी कमी हमेशा महसूस की जायेगी। उनका जीवन जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पित रहा। श्री दास ने दोनों दिवंगत नेताओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

# रसोइया को निकाले जाने पर छात्राएं बंटी दो गुटों में

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लैचूडीह के वार्डेन द्वारा रसोइया को निकाले जाने पर छात्रा दो गुट में बंट गए, जिससे विद्यालय में बच्चों के बीच विवाद की स्थिति उपन्न हो चुकी।वहीं अभिभावकों में भी आक्रोश देखा गया।जानकारी के बाद बीईओ रामनरेश राम, एडीपीओ अशोक रजक विद्यालय प्रभारी दीपाली कुमारी, पीपरा बोपीओ ओमप्रकाश कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण किया।इस दौरान सभी छात्राओं को बैठा कर पिसी की गई। पहले गुट के द्वारा वार्डेन पर मेनू के हिसाब से खाना नहीं देने के अलावे कई आरोप लगाए गए। जबकि दूसरी गुट के द्वारा मेनू के हिसाब से खाना देने की बात कही गई।जिसका रजिस्टर में लेखा जोखा भी रखा गया है। पहले गुट के छात्रा अविता कुमारी, चांदनी कुमारी, सोभा कुमारी ने वार्डेन पर आरोप लगाया कि कभी तेल घट जाता है तो कभी मशाला साथ ही मेनू के हिसाब से खाना नहीं मिलता है।जिसके कारण रविवार की रात करीब 50 छात्रओं के लिए बनी खाना खराब हो गया और उसे बोड़े में बांध कर रखा गया और हम लोगो को सुबह खाने के कहा गया।साथ ही अध पक्का चावल और दाल को भी देखा जा सकता है।वहीं जनरेटर का व्यवस्था रहते हुए भी अंधेरे में रहना पड़ता है।हमारे माता पिता ने यहां पर पढ़ने लिखने के लिए भेजे हैं विवाद में पड़ने के लिए नहीं।जबकि दूसरे गुट के बाल संसद के प्रधानमंत्री अर्चना कुमारी का कहना है कि मेनू के हिसाब से सुबह नाश्ते में सब्जी रोटी, दोपहर चावल, दाल, भुजिया या सब्जी, शाम चार बजे बिस्किट और रात के भोजन में कभी चावल या रोटी के साथ सब्जी दी जाती है।दो दिन पहले एक छात्रा को कीड़े ने काट लिया था जिसे लेकर वार्डेन मैडम इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए थे।इस दौरान एक टीचर को रसोइया से खाना बनवाकर खिलाने के लिए कहा गया पर उस रात सिर्फ चोखा भात ही मिला। साथ ही रसोइया की भी लापरवाही और समय पर खाना नहीं दिया जाता है। जिससे देखते हुए वार्डेन मैडम ने तीनों रसोइया को हटाकर दूसरे को रखा। इस कारण वार्डेन के प्रति छात्राओं में गुसा है।और खाना बनाने पर छात्राओं के द्वारा गैस बंद कर दिया जाता है तो कभी खाना में वासिंग पावडर डाल दिया जाता।जिसके कारण करीब 50 लोगों का खाना बेकार हो गया।मौके पर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम ने कहा कि विवाद का मुख्य जड़ रसोइया के कारण हुई है फिर भी वार्डेन मौसमी रंजन को चेतावनी दी जाती है कि रसोइया और विद्यालय के छात्रों के साथ समन्वय बनाकर रखे नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे।वहीं मौके पर पहुंचे पीपरा प्रमुख विक्रान्त सिंह उर्फ गुड्डू यादव ने वार्डेन के साथ रसोइया और छात्राओं के बीच अच्छा समन्वय स्थापित नहीं रहने पर निंदा करते हुए विद्यालय में सुधार करने की मांग की है।इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कौशल्या देवी, पीपरा पूर्व मुखिया रामप्रबेश भुइंया, लेखापाल सकेंद्र राम, शिक्षिका राधारानी, सोनी साव, आराधना सिंह, सविता कुमारी, पिटी टीचर पर्मिला यादव के अलावे अभिभावक मौजूद थे।

# मानगो में फायरिंग मामले का पुलिस के किया खुलासा, सात आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मानगो पुल के पास रंगदारी को लेकर दो गुटों में हुई फायरिंग के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। घटना में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में ओलीडीह टैंक रोड निवासी कुंदन सिंह उर्फ भोंदू, अमन ठाकुर उर्फ डेंगू, जितेंद्र कुमार साहू उर्फ धूम,आकाश नामता उर्फ कलाकार,राकेश सिंह सरदार उर्फ पाकुड़ साकची निवासी पंकज कुमार सिंह व भाजपा नेता अंकेश कुमार उर्फ बाबू शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 2 देसी कट्टा, एक पिस्टल,पांच जिंदा कारतूस,5 खोका व घटना में प्रयुक्त वाहन को बरामद कर लिया। फिलहाल इस मामले में कई फरार हैं। पुलिस छापेमारी कर रही है। सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया मानगो पुल के पास मछली विक्रेताओं से रंगदारी वसूलने को लेकर फायरिंग की गई थी। एक पक्ष से मासुक मनीष व दूसरे पक्ष से कुंदन सिंह ने इलाके में रंगदारी वसूलने का प्रयास किया। इसी को लेकर दोनों पक्ष रंगदारी वसूलने पहुंचे थे। जहा दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग कर दी। सभी आरोपियों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। घटना में शामिल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में दे दिया गया।

# सरयू राय ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित रिफ्युजी कॉलोनी में स्थानीय लोगो को मांग पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विभिन्न सड़कों पर पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन का शिलान्यास किया। सोमवार को विधायक निधि से 9 लाख 67 हजार की लागत से बनने वाले सड़को का कार्य शुरू कराया गया। मौके पर विधायक सरजू राय ने कहा से विगत दिनों कॉलोनी के लोगों ने आग्रह किया था रिफ्युजी कॉलोनी में विभिन्न सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। इसका शीघ्र मरम्मती करवाना अति आवश्यक है। स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया गया था। जिसका आज विधिवत शुभारंभ किया गया। मौके पर विधायक श्री राय ने कहा कॉलोनी में सिवरेज-ड्रेनेज सिस्टम को भी दुरुस्त किया जाएगा। मौके पर भाजमो गोलमुरी मंडल के अध्यक्ष कैलाश झा, आसीम पाठक, सुशील खड़का, अनिकेत सावरकर, सतनाम सिंह, मनमीत लुथरा, अमित खरबंदा, अनिल पावा, जगमीत सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# विधायक ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित हुरलुंग पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शिलान्यास किया। सोमवार को कार्यकर्म के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का भव्य स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा सड़क निर्माण होने से आने-जाने वाले लोगों की सोहलियत होगी। उन्होंने कहा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों की मांग पर प्राथमिकता के आधार पर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर मुखिया लीना मुंडा, ग्राम प्रधान धनंजय मुंडा,उप मुखिया निरंजन रवि दास, वार्ड सदस्य मंजू देवी, तपन माझी, सोनाराम लोहरा, कृष्णा सोरेन, वीर सिंह कालूनदिया, होपान माझी, शिव चरण सिंह और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्रावण की पहली सोमवारी पर शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रावण मास की पहली सोमवारी के दिन विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं का भीड़-भाड़ देखी गयी। इसमें मुख्य रूप से सुखड़ा नदी स्थित शिव मंदिर, नीचे बाजार प्राचीन शिव मंदिर, बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, मुख्य सड़क की स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं को सुबह से ही पूजा पाठ करते देखा गया। वहीं भागोडीह गांव स्थित शिव मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह सैकड़ों श्रद्धालुओं के द्वारा सुखड़ा नदी से जल उठाकर मंदिर में चढ़ाया गया। इसके पूर्व भारी संख्या में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिला-पुरुष श्रद्धालु सुखड़ा नदी से शिव मंदिर बाजे- गाजे के साथ हर-हर महादेव के जयघोष करते पहुंचे। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष प्रसाद का वितरण किया गया।

### मुखिया ने बाबा धाम जाने वाले कांवरिया जत्था को भगवा ध्वज दिखाकर किया रवाना

**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड के कटहर कला गांव से सोमवार को बाबा धाम जाने वाले कांवरिया जत्था को पंचायत की मुखिया कलावती देवी ने देवी धाम पहुंचकर तिलक लगाकर स्वागत करने के साथ ही भगवा ध्वज दिखाकर बाबाधाम के लिए रवना किया। उन्होंने सभी कांवरिया बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी देश व क्षेत्र की समृद्धि के लिए बाबा बैद्यनाथ से वरदान मांगकर हम लोगों के लिए भी पूजा-अर्चना करें। जिससे हर घर में सुख समृद्धि बनी रहे। बाबा धाम जाने वालों में मुख्य रूप से शंभु ठाकुर, नागेंद्र विश्वकर्मा, राजू कुमार, राजेश पासवान, प्रदीप गुप्ता, उपेंद्र प्रजापति, नान्हू बैठा सहित दर्जनों कांवरिया शामिल हैं। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र राम, बीडीसी प्रतिनिधि पवन सिंह मौजूद थे।

### बिजली करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के पंडितपुरा निवासी विजय मेहता की पत्नी उर्मिला देवी 45 वर्ष की मृत्यु बिजली करंट की चपेट में आने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी अपने घर में बिजली की तार जोड़ रही थी तभी बिजली का दोनों कनेक्शन आपस में चिपक गया। इसी दौरान वह चपेट में आ गई और अपने को बिजली से अलग नहीं करने पाई, जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### श्रवण सिंह के झामुमो गढ़वा युवा जिलाध्यक्ष बनने से रंका अनुमंडल में खुशी की लहर

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड क्षेत्र के बाहाहारा गांव निवासी श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू संजय को झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय कमेटी के द्वारा गढ़वा युवा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इस बात की खुशी रंका अनुमंडल वासियों में ब्याप्त है। रंका अनुमंडल वासियों का कहना है कि श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू संजय रंका जैसे अति पिछड़ा क्षेत्र से आते हैं और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय कमेटी के द्वारा एक आदिवासी युवा को यह जिम्मेदारी दी गई है, यह गर्व के साथ साथ रंका अनुमंडल वासियों के लिए खुशी का क्षण है। इनके युवा जिलाध्यक्ष वनाए जाने पर रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, अरविंद सोनी, युवा सचिव पप्पू यादव, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा सहित काफी लोगों ने बधाई दी है।

### 85 दिव्यांगों का किया गया रजिस्ट्रेशन

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये 85 दिव्यांगों का पंजीयन व ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। रजिस्ट्रेशन के लिये जिला से लिपिक दिनेश उरांव, एमपीडब्ल्यू अनूप कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा दिव्यांगों का पंजीयन किया गया। पंजीयन कराने के लिये बड़ी संख्या में दिव्यांग उपस्थित थे। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्रखंड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, लिपिक विपेश राज तमांग, एसटीटी सुभाष कुमार, बीटीटी सुनीता कुमारी, एमटीएस विजय पाठक, एमपीडब्ल्यू चंद्रपति सिंह, कौशलेश कुमार, संजय कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

**तैयारी :** साढ़े चार करोड़ की लागत से होगा छह मध्यम सिंचाई योजनाओं का जीर्णोद्धार

# हर खेत को मिलेगा पानी, किसानों की समस्या होगी दूर : मंत्री मिथलेश

**राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है, शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में करीब साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से छह मध्यम सिंचाई योजनाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा अंतर्गत इन मध्यम सिंचाई योजनाओं का जीर्णोद्धार के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के रंका प्रखंड में 66 लाख, 50 हजार, 400 रुपए की लागत से करीं मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, 37 लाख, 31 हजार, 800 रुपए की लागत से मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, 99 लाख, 16 हजार, 200 रुपए की लागत से मंझिगाव मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, 25 लाख, एक हजार 700 रुपए की लागत से चुतरु मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, बड़गड़ प्रखंड में 85 लाख, 64 हजार, 800 रुपए की लागत से पिपराही मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार तथा 92 लाख, तीन हजार, 700 रुपए की लागत से करुसना मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा। इन सिंचाई योजनाओं के जीर्णोद्धार से रवि और खरीफ फसल की लगभग 445 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा कम वर्षा वाला क्षेत्र है। यहां के किसान वर्षा के पानी पर ही खेती के लिए निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि वे हर घर में शुद्ध पेयजल एवं हर खेत में सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जिले में कृषि कार्य की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो लोगों को पलायन नहीं करना पड़ेगा

इस योजना के तहत क्षेत्र में जीर्ण-शीर्ण पड़ी पुरानी सिंचाई योजनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार विभिन्न नदी, नालों में चेक डैम बनाकर खेत में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। अब तक कई नये चेक डैम का भी निर्माण किया जा चुका है। साथ ही बड़ी सिंचाई परियोजना को भी धरातल पर उतारने की योजना पाइप लाइन में है। आने वाले समय में हर खेत में सिंचाई का पानी पहुंचे, यह उनकी प्राथमिकता है। ताकि किसानों को कृषि कार्य करने में किसी भी तरह की समस्या न हो। जब अपने ही जिले में कृषि कार्य की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो लोगों को पलायन नहीं करना पड़ेगा। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

## झामुमो महिला मोर्चा नगर, वार्ड एवं बूथ कमेटी के नये पदाधिकारी मनोनीत

**नगर कमेटी में अध्यक्ष वंदना कुमारी जायसवाल, सचिव शाहिन रहमान एवं कोषाध्यक्ष नीलम देवी का किया गया मनोनयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर तनवीर आलम खान जिला अध्यक्ष झामुमो गढ़वा की अध्यक्षता में नगर कमेटी का विस्तार एवं शहरी क्षेत्र में सदस्यता अभियान संबंधी बैठक की गयी। बैठक का संचालन कंचन कुमार साहू केन्द्रीय कमेटी सदस्य द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि मंत्री मिथिलेश के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्त्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। फलस्वरूप झामुमो का विस्तार तीव्र गति से बढ़ रहा है और जब जहां जरूरत होगी संगठन के हित में पूरी पार्टी साथ खड़ी नजर आयेगी।

जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कहा कि संगठन पार्टी की रीढ़ होता है और उसमें महिलाओं की उपस्थिति बढ़ती है तो पार्टी परिवार की तरह कार्य करती है और लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन होता है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पहली बार देखने को मिल रहा है कि महिलाओं की भागीदारी राजनीति क्षेत्र में बढ़ी है और लोग संगठन के माध्यम से महिलाओं के उत्थान एवं समाज के विभिन्न समस्याओं को समाधान करने की प्रेरित हैं। इसका सारा श्रेय माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को जाता है, जिन्होंने राजनीति को समाजसेवा की ओर मोड़ दिया है।

केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि कंचन कुमार साहू ने महिला मोर्चा नगर कमेटी के नये पदाधिकारियों के नाम का प्रस्ताव रखा जिसमें नगर कमेटी महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में वंदना कुमारी जायसवाल, नगर कमेटी सचिव शाहिन रहमान एवं कोषाध्यक्ष नीलम देवी का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड सं. 20 की महिला मोर्चा की वार्ड अध्यक्ष के रूप में सुनैना देवी, उपाध्यक्ष रूबी मेहता, सचिव पुष्पा देवी, कोषाध्यक्ष सुनिता देवी तथा बूथ अध्यक्ष देवन्ती देवी का मनोनयन किया गया।

केन्द्रीय प्रवक्ता धीरज दूबे ने पार्टी में शामिल सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। मौके पर अनीता दत्त, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि मासूम खान ने भी संबोधित किया। नगर कमेटी अध्यक्ष अरविन्द पटवा ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर नए लोगों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा और बहुत जल्द नए एवं पुराने सदस्यों के बीच समन्वय स्थापित कर एक मजबूत एवं सशक्त नगर कमेटी की सूची जिला संगठन को सौंपी जायेगी। जिला केन्द्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर वन पर्यावरण विभाग के विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह उर्फ छोटू, चंदा देवी, आराधना सिंह, सोनी देवी, जिला संगठन सचिव करीब अंसारी, आशीष अग्रवाल, शदाब खान, इमरान खान, ओमप्रकाश गुप्ता, टूनटुन दूबे, रंथा नायक, बैजू, दिप प्रकाश केशरी, नीलू खान, अरमान सिद्दीकी, निलेश पाण्डेय, रामजी राम, उदय महतो, मुजीबुर्रहमान, भोलू, अमित सिंह, सावित्री देवी, प्रमीला देवी, संगीता देवी, शीला देवी, आदि उपस्थित थे।

## पहली सोमवारी को घटवार बाबा मंदिर ट्रस्ट से निकली कांवड़ यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्री घटवार बाबा मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रांगण में श्रावणी महोत्सव के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा सुखबाना दुर्गा मंडप से निकाली गयी।

कांवड़ यात्रा सुखबाना दुर्गा मंडप से प्रारंभ होकर शिव टोडा मंदिर के प्रांगण में संकल्प कराकर शिवगंगा सरोवर से जल लेकर सोनपुरवा लहसुनिया पहाड़ घटेश्वर महादेव पर जलाभिषेक किया गया।

कांवड़ा यात्रा के दौरान बोल बम के नारों से गुंजायमान गढ़वा की धरती धन्य हो गई। मौके पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा।

मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, सचिव सत्यनारायण कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो,

**कांवड़ियों ने शिवगंगा सरोवर से जल लेकर सोनपुरवा लहसुनिया पहाड़ घटेश्वर महादेव पर किया जलाभिषेक**

संरक्षक कंचन साहू, राकेश पाल, विनोद जयसवाल, श्यामानंद पांडे, सुरेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया प्रतिनिधि नवादा पंचायत विकेश सिंह, आलोक सिंह, रंजन कुमार, नितेश सिंह, प्रभु बिंद, गांधी पासवान, अजय पासवान, संदेश

कुमार, विकास जी, राजन पासवान, सोनू पासवान, पन्नू पासवान, संतोष कुमार शर्मा, देवलाल मेहता, राजकुमार मेहता, नवरत्न वेद, लक्ष्मण राम, उप मुखिया बबलू मेहता, बीडीसी विकी चंद्रवंशी, रानी कुमारी, विजय गुप्ता, छोटन महतो, मनोज मनिहारी, सुनील कुमार पासवान, धर्मेंद्र ठाकुर, धीरज पासवान, श्रुति पांडे, श्रद्धा पांडे, अनुराधा कुमारी, स्वीटी कुमारी, रागिनी कुमारी, जया कुमारी, श्रेया कुमारी, ओम प्रकाश शर्मा, विकास पाल, लखन केसरी, देव कुमार शर्मा, विकी केसरी, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, पूनम कांस्यकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

**हर हर शंभू के जयकारों से गूंज उठे शिवालय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में पवित्र माह सावन की पहली सोमवारी को लेकर जिले के सभी शिवालयों में अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम लगा रहा। लोग अपने घर के आस-पास के शिवालयों में पहुंचकर बेलपत्र, धतूरा, भांग, गुड़, फूल चढ़ाकर, दूध व जल से अभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की एवं उनसे अपने स्वस्थ रहने की कामना की। पहली सोमवारी को लेकर माताएं बहनें दिन भर का उपवास भी रखी। जिला मुख्यालय के अन्य शिवालयों में भजन कीर्तन भी लोगों ने किया। वही कहीं-कहीं शिवालयों में भंडारे का भी आयोजन शिव भक्तों ने किया व लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया। सावन 4 जुलाई से शुरू हुआ है जो कि 31 अगस्त तक रहेगा। इसे शिव का महीना माना जाता है और पूरे महीने शिव आराधना की जाती है। जिसमें रूद्राभिषेक के बाद बिल्वपत्र और भस्म चढ़ाने समेत कई परंपराए शामिल हैं। शिवजी को सावन का महीना पसंद है इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है।

### केतार प्रखंड में पीएम किसान सम्मान निधि योजना में ली जा रही रिश्वत

**केतार (आजाद सिपही)।** प्रखंड क्षेत्र में बिचैलियागिरी करके के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का पैसा डलवाने के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पंचायत पाचाडुमर, बिजडीह निवासी राम बचन मोची ने सोमवार को अंचल अधिकारी कार्यालय में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार निवासी रामविचार साहू के नाती आनंद उर्फ पिंटू मेरे पास आये और बोले कि पीएम किसान की राशि मैं दिलाया हूं, इसमें से मुझे 7000 रु. चाहिए तो मैंने बोला कि नहीं दूंगा तो उसने बोला कि मैं जिला से बंद करवा दूंगा। बावजूद नहीं देने के बाद मेरे पास पाचाडुमर पंचायत के मुखिया श्यामसुंदर बैठा एवं बुधराम मोची को लाया तथा इन लोगों ने बहुत समझाने के बाद में 6500 आनंद उर्फ पिंटू को दे दिया। पीड़ित ने अंचल अधिकारी से प्रार्थना की है और इस विषय पर चिंता प्रकट कर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई कर राशि वापस दिलाने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर पाचाडुमर के मुखिया श्यामसुंदर बैठा ने कहा कि पिंटू कुमार एवं रामबचन के बीच में पहले से ही लेनदेन का मामला तय हुआ था। जिसमें जिला में पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए पैसा लग रहा था। पिन्टू ऊर्फ आनंद कुमार ने बताया कि जिला में एक व्यक्ति के पीछे 5000 रु. लग रहा है। हम पीएम किसान योजना का पैसा दिलवा देंगे। इसके बाद आनंद कुमार को मेरे सामने रामबचन राम ने 6500 रुपये दिया है। इस संबंध में पिंटू कुमार ने कहा है कि पीएम किसान योजना के नाम पर पैसे की कोई लेन-देन नहीं हुई है।

### ससुराल में रह रहे व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** महुली पीपरदाहा बांकी नदी घाट किनारे एक व्यक्ति का शव संदेहास्पद स्थिति में पाया गया। जिसकी पहचान उतर प्रदेश कोण निवासी संजय चन्द्रवंशी (35) के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर गाय चराने गय ग्रामीणों ने देखा कि बांकी नदी में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय थाना एवं परिजनों को दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची विशुनपुरा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि संजय चन्द्रवंशी अपने ससुराल महुली कला निवासी ससुर अशर्फी चन्द्रवंशी के घर पर रहता था। मृतक अपनी पत्नी एवं एक बच्चे के साथ रहकर ससुराल में ही खेती का कार्य करता था। परिजनों ने बताया कि ससुर का कोई लड़का नहीं होने के कारण मृतक सुसराल में रहकर घर की पूरी जिम्मेवारी संभालता था। इधर मौत की खबर सुनकर घटना स्थल पर पहुंची मृतक की पत्नी आरती देवी ने बताया कि उसके पति संजय चन्द्रवंशी रविवार की सुबह अपने ससुराल महुली कला घर से गांव के ही बांकी नदी किनारे खेती करने गए थे। जिसके बाद देर शाम तक घर वापस नहीं आये। बताया कि रात होने पर आसपास के गांव एवं रिश्तेदारों में काफी खोजबिन की गयी, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत तालाबों का खुला डाक के माध्यम से बन्दोवस्ती हेतु PR 301069 के द्वारा आम सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

| क्रम सं. | विवरणी | वर्तमान तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | फार्म प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 08.07.2023 को 3.00 बजे तक | 15.07.2023 को 3.00 बजे तक |
| 2 | डाक बोलने की तिथि/समय | 11.07.2023 को | 18.07.2023 को 2.00 बजे अपराह्न से |

PR 301948 Urban Development and Housing (23-14)_D

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

**बैठक :** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के नये सत्र 2023-24 की पहली बैठक में सदस्यों ने लिया सेवा का संकल्प

# सेवा के क्षेत्र में लायंस विशाल लहरायेगा परचम : डॉ कमलेश कुमार

**लायंस विशाल के नये अध्यक्ष को सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के नये सत्र 2023-24 की पहली बैठक लायंस कार्यालय गढ़वा में ला. डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। लायंस विशाल के नये अध्यक्ष बने ला. डॉ कमलेश कुमार को सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। वहीं डॉ कमलेश ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल 1986 से मानवता की सेवा में सालों भर जुटा रहता है और एक-दो नहीं बल्कि अनेकों ऐसे सेवा कार्य करके देश दुनिया में अपना परचम लहरा चुका है। जैसे हर वर्ष निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेन्स प्रत्यारोपण कर जरूरतमंदों की आंखों में रोशनी देना, उसके बाद पीस पोस्टर प्रतियोगिता, फुड फॉर हंगर, पौधरोपण, हेल्थ चेकअप, सड़क सुरक्षा अभियान, ब्लड डोनेट अभियान, ठंड में कम्बल वितरण कार्यक्रम, एवं हमारे पीआरओ ला. शौकत खान के कपड़ा बैंक से प्रतिदिन कपड़ा वितरण सेवा कार्यक्रम ऐसे बहुत सारे सेवा के क्षेत्र में अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अपने क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को साथ लेकर और आपसी सहमति बनाकर पूर्व से चल रहे सेवा कार्यक्रम को और भी बढ़ाऊंगा और बहुत सारे नये कार्यक्रम करूंगा, जिसकी समाज में बहुत जरूरत है। जैसे हेल्थ के क्षेत्र में कैंसर, टीबी, मधुमेह, कोरोना, हार्ट, आंखों की बिमारी समेत छोटे बच्चों में होने वाले रोग की रोकथाम के लिए भी बहुत कुछ करूंगा।

इसके साथ ही बहुत सारे लायंस विशाल परिवार के पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार रखे और सभी ने संकल्पित होकर कहा कि मिल-जुलकर मानवता कि सेवा में समर्पित रहेंगे और गढ़वा जिले को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में आगे रहेंगे। बैठक में लायंस विशाल परिवार के बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

### यूरिया नदी में डूबने से दस वर्षीय बालक की मौत

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरादाग खुर्द निवासी अखलेश बैठा के 10 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार की मौत यूरिया नदी में डूबने से हो गई। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। खबर के अनुसार आयुष कुमार अपने दोस्त के साथ यूरिया नदी के समीप खटखरिया शिव मंदिर में पहली सोमवारी पर जल चढ़ाने को लेकर घर से निकला था। इसी क्रम में यूरिया नदी में नहाने के क्रम में अचानक गहरे पानी में डूब गया। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों की चीत्कार से आसपास का क्षेत्र गमगीन हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यूरिया नदी में अवैध रूप से बालू उठाव से नदी में काफी गड्ढा कर दिया गया है। जिसके कारण यह घटना हुई।

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी (अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 14/2023-24 PR No- 301731 (District) 23-24* (D) द्वारा निकाली गई निविदा अन्तर्गत क्रमांक 3 में योग्यता अभिलेख जमा करने की तिथि 18.06.2023 को 18.07.2023 एवं क्रमांक 4 में निविदा खोलने की तिथि 19.06.2023 के स्थान पर 19.07.2023 समझा जाय।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR.NO.301942 District(23-24):D

## श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिले राजद नेता

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा के राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता की अगुवाई में सोमवार को राजद के प्रतिनिधिमंडल सूबे के मंत्री, श्रम और कौशल विकास सह 20 सूत्री प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता से उनके आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान उन्हें लोहरदगा के जनसमस्याओं से अवगत कराया। उनसे 20 सूत्री की बैठक को लेकर समय निर्धारित जल्द से जल्द करने की अपील की। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष राजेश उरांव, जिला सचिव सहदेव लोहरा समेत अन्य मौजूद थे।

## हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठे शिवालय

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सावन महीना के पहली सोमवारी पर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के शिवालय हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। शिवभक्त सुबह से ही आराधना और जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। स्थानीय सभी शिवालयों में भक्तों की लंबी लंबी कतारें भी देखी गयी। वही मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए स्थानीय पुलिस लगातार गश्त करते नजर आये और शहर के हर शिवालयों में पुलिस के जवानों की तैनाती देखी गयी। फिलहाल ओम नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच लोगों ने भोले भंडारी को उनके प्रिय सामग्री चढ़ाकर स्तुति की। शिव मंदिरों में भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि शिवलिंग पर अर्पण कर जलाभिषेक किया और सबके मंगल की कामना की। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में स्थित शिव मंदिरों में लोगों ने जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। इधर शहरी क्षेत्र समेत जिले के सभी शिवालयों में स्थापित नंदी महाराज के दूध और जल पीने की चर्चा जोरो पर रही। लोग इसे भगवान का चमत्कार मान रहे थे।

## युवक को सांप ने डसा, इलाज के दौरान हुई मौत

कुडू-लोहरदगा(आजाद सिपाही) : कुडू में एक युवक की मौत सांप के डसने से हो गयी। मामला कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदलासो गांव का है। मृतक की पहचान राम उरांव के 18 वर्षीय पुत्र सुलेन्दर उरांव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार घर मे सो रहे सुलेंदर को रविवार की रात करीब 11 बजे सांप ने डंस लिया। इसके बाद इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य में में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के अथक प्रयास के बावजूद उसे नही बचाया जा सका और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सोबरन योजना के तहत मुखिया ने बांटी धोती साड़ी

महुआडांड(आजाद सिपाही)। प्रखंड के चंपा पंचायत के कुरूंद में सोमवार को प्रदेश के महत्वकांक्षी सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों के बीच मुखिया सुषमा कुजूर द्वारा धोती साड़ी वितरण किया गया। चंपा पंचायत के जनवितरण प्रणाली के जनवितरण वितरण विक्रेता देवानंद प्रसाद की उपस्थिति में लाल, पीला और हरा कार्डधारियों के बीच मुखिया द्वारा द्वारा बारी-बारी से वितरण किया गया। मौके मुखिया सुषमा कुजूर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा साल में दो बार सभी लाभुक कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी वितरण किया जा रहा है। ऐसे में सभी वंचित जरूरतमंद लोगों को इस योजना का लाभ मिले इसके लिए इसका प्रचार प्रसार जोर शोर करते हुई सभी जरूरतमंद लाभुको को इस योजना लाभ पहुंचाना हम सभी की जिम्मेवारी है। मौके पर काफी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## टेंपू से गिर कर युवक हुआ घायल

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। घाघरा से लोहरदग आने के क्रम में कंडरा डायवर्सन के समीप टेंपू से गिर कर अधेड़ व्यक्ति घायल को प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों ने किया रेफर। घायल की पहचान गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के सेहल जलका टोली निवासी बलदेव उराँव के 50 वर्षीय पुत्र मंगल उराँव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि अपने पिता के साथ घर सेहल जलका टोली से टेम्पू में सवार हो लोहरदगा जा रहा था। इसी दरमियान कंडरा डायभरसन के समीप अचानक संतुलन बिगड़ने पर टेंपू से मंगल उराँव गिर कर अचेत हो गया। जिसे पिता ने टेंपू चालक के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां चिकित्सक डॉक्टर बिनोद सुरीन द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। मंगल उराँव को दाहिना आँख के पास चोटें लगी है। प्राथमिक उपचार के पश्चात डॉक्टर ने कहा कि घायल मंगल उराँव खतरे से बाहर है।

## कुआं में लगे पोल में फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

भंडरा/लोहरदगा। थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी स्व गंदरू उरांव की 45 वर्षीय पत्नी बिन्त्री उराँईन ने रविवार को सुबह में वह घर के पास कुंआ में लगे पोल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद भंडरा पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की महिला मृतक महिला करीब चार वर्षो से बहुत बीमार रहती थी। महिला बीमारी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने कहा कि फिलहाल यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

## दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत, दो घायल

महुआंडाड। महुआंडाड-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर पर राजडंनडा के समीप दो बाईक की आपने सामने टक्कर हो गई। जिसमें वरदौनी कला निवासी गुप्तेश्वर सिंह उम्र 65 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक गुप्तेश्वर सिंह बीज लेकर महुआडांड़ बाजार से अपने गांव वरदौनी कला जा रहा था। वहीं विपरित दिशा से आ रही दुसरा बाईक सवार से सीधे टक्कर हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसाइकिल वाहन भी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने ने बताया कि दूसरे बाइक पर ग्राम चटकपुर के एक युवक और एक युवती सवार थे युवक पैर टुट गया है और युवती का सर में चोट है और रक्त स्राव हो रहा था। घटना की जानकारी प्राप्त होती है महुआंडाड थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया। और दोनों मोटरसाइकिल वाहन को कब्जे में कर थाना लाया गया है। वहीं प्रशासन के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के तैयारी में जुड़ गई है। वहीं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 108 एम्बुलेंस वाहन से मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआंडाड लाया गया है। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। वहीं दूसरे बाइक पर सवार युवक युवती को इलाज सुर्या हास्पिल महुआंडाड में किया जा रहा है। जिसकी स्थिति काफी गंभीर बतायी जा रही हैं।

### दो सिल्वर और मिश्रित में कांस्य मेडल जीत कर लोहरदगा का गौरव बढ़ाया

# लोहरदगा की स्वर्णपरी बेटी संजना वर्मा ने युगांडा में भारत का परचम लहराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगाः** दक्षिण अफ्रीकी देश युगांडा के कंपाला मे दिनांक 3 जुलाई 2023 से 9 जुलाई 2023 तक अंतरराष्ट्रीय पारा बैडमिंटन प्रतियोगिता मे भारतीय पारा बैडमिंटन टीम ने 42 पदक प्राप्त किया। जिसमे 13 गोल्ड मेडल, 12 सिल्वर मेडल और 17 कांस्य मेडल शामिल है। लोहरदगा की स्वर्ण परि बेटी संजना वर्मा ने महिला सिंगल मे सिल्वर मेडल, महिला युगल मे भी सिल्वर मेडल और मिश्रित युगल मे कांस्य मेडल जीती है। एक निःशक्त बेटी ने अपने जोश और जज्बा से बैडमिंटन मे झारखंड चैंपियन बनने के साथ भारत के साथ अब अंतराष्ट्रीय स्तर की खिलाडी बन गयी है।

संजना वर्मा की सफलता पर सांसद सुदर्शन भगत, राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उराँव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविन्द लाल, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, बैडमिंटन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सचिव मलय दत्ता, संरक्षक प्रवीण सिंह समेत अन्य ने बधायी दी है।

### उपायुक्त ने जन शिकायत कोषांग की समीक्षा बैठक कर दिया दिशा निर्देश

# लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग/जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। क्रमवार तरीके से सभी कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुये उपायुक्त ने लंबित मामलों की जानकारी ली और शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में आये हुये विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाये। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग रोहित कंडुलना, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बजरंग दल ने सावन की पहली सोमवारी पर निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत अंतर्गत नावागढ़ गांव में बजरंग दल नावागढ़ के तत्वावधान में श्रावण की पहली सोमवारी के उपलक्ष में बाजारटाड़ स्थित हनुमान मंदिर से हजारों की संख्या में शिव भक्तों द्वारा माथे पर कलश लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलम देवी ज़िला परिषद अध्यक्षा, भाजपा नेता राजधानी यादव, रामदेव सिंह, आर एस एस नेता सह समाजसेवी मनोहर प्रसाद सिन्हा, बजरंग दल के जिला सह संयोजक नीतीश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर, सत्संग प्रमुख नारद यादव, सनातन संगोष्ठी युवा चेतना जागृति संस्थान तरवाडीह के संयोजक राजेश प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग पहुंचे थे। कलश सह शोभायात्रा नावागढ़ स्थित गला नदी पुल के पास पहुंचकर पुरोहित आनंद कुमार मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल पात्र में जल भरकर पुनः मेन रोड नावागढ़ होते हुवे ठाकुरपारा स्थित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग में जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नावागढ़ के अध्यक्ष हरि ओम प्रसाद भाटिया, संयोजक प्रकाश कुमार गुप्ता सहसंयोजक रवि कुमार साहू, प्रभाकर, प्रकाश गुप्ता, बल उपासना केंद्र प्रमुख अमरदीप प्रसाद, मंत्री प्रसाद रिंकू प्रसाद, गौ रक्षा प्रमुख जितेंद्र प्रसाद विधार्थी प्रमुख मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं कलश शोभायात्रा तथा मंच का संचालन भाजपा नेता हरिओम प्रसाद ने किया। वहीं सभी भक्तों के लिए पुजा के पश्चात शर्बत और फल की व्यवस्था की गयी थी। वहीं इस मौके पर समाजसेवी विनोद प्रसाद साहु, रंजीत प्रसाद, रामचरित्र, रामानंदन उर्फ व्यास जी, शिवप्रसाद, उदय, पप्पू, संतोष, भागीरथ मिश्रा, राकेश मिश्रा, सुरेश, रामजी, पंकज, संजय पासवान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शिवालय में नंदी महाराज को दूध पानी पिलाने के लिए उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

### क्षेत्र के शिवालयों में नंदी महाराज के इस चमत्कार को बता रहें है शिव की महिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगाः** सेन्हा प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में दिखा चमत्कार शिव भक्तों के हाथो दूध और जल पी रहे नंदी महाराज शिव भक्तों में बना चर्चा का सेन्हा विषय। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा, चौकनी, अरू, बदला, सेरेंगहातु, चंदकोपा, कोरांबे, झखरा सहित विभिन्न शिवालय में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। वही बताया जाता है कि श्रावण माह के पहले सोमवार को प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में पूजा करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी सभी शिवालयों और मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा हुआ था। उसी बीच भक्तों के बीच एक नया चमत्कार देखने को मिला जहां पूजा करने आये भक्तो के हाथों से नंदी महाराज जल और दूध पीकर भक्तो को खुश कर दिये लोग इसे श्रावण माह में शिव जी का चमत्कार बता रहे हैं। जल पीने की खबर धीरे धीरे आस पास के इलाके में फैलता चला गया और लोग शिवालय में जाकर नंदी महाराज को चमच और कटोरी में जल और दूध भरकर पिलाने लगे इस चमत्कार को देखकर लोगो में चर्चायें तेज हो गयी। वहीं भक्तों का मानना है कि शिव जी की महिमा है। और नंदी महाराज को जल अर्पित कर खुद को सौभाग्य समझ रहे हैं। दरअसल शिव मंदिरों में लोग नंदी महाराज के मुख पर जैसे ही जल से भरा कटोरी या चमच रखते हैं। तो देखते ही देखते उस कटोरी और चम्मच से जल खत्म हो जाता था। जिसे देख भक्तगण काफी उत्साह के साथ नंदी महाराज को जल अर्पित करने पहुंच रहे हैं। लोगो ने खुश होकर बताया कि यह चमत्कार भगवान शंकर जी का श्रावण माह के पहले सोमवार को हुई है। नंदी महाराज को जल अर्पित करना हम सभी भक्तों का सौभाग्य की बात है।

## सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

लातेहार (आजाद सिपाही)। सावन महीना के पहला सोमवारी को लेकर लातेहार जिले के सभी मंदिरों मे सुबह से ही बोल बम के गीत के साथ-साथ हर हर महादेव की गूंज से पूरा प्रांगण गूंज उठा। साथ ही साथ बाबा भोलेनाथ को जल अभिषेक चढ़ाने को लेकर सुबह से ही मंदिरों में लंबी कतारें लगने लगी। सुबह पांच बजे से ही बाबा भोलेनाथ को जल अभिषेक चढ़ाने को लेकर को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पडी। वही महिला और कुंवारी लड़कियों ने निर्जला उपवास कर बाबा भोलेनाथ को बेलपत्र धतूरा के साथ-साथ फल फूल का भोग चढ़ाकर भक्ति भाव से बाबा भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की कामना की साथ ही साथ महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ से पति की दीघार्यु उम्र होने की कामना की।

## बीएलओ और सुपरवाइजरों को चुनाव संबंधी लघु प्रशिक्षण मिला

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी चुनाव को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों का लघु प्रशिक्षण और समीक्षा बैठक आयोजित हुआ। स्पेशल समरी रिभिजन के तहत 2024 का चुनाव की तैयारी को लेकर अंचलाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी विजय कुमार के द्वारा लघु प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मोबाइल एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने तथा मृत व्यक्ति का नाम हटाने के बारे मद विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही समीक्षा के क्रम में बीएलओ द्वारा प्रपत्र 6,7 और 8 कि भरी हुई प्रपत्र कि जानकारी मांगी गयी। वही बीएलओ द्वारा प्रपत्र 6,7 और 8 को मोबाइल एप्प से भरने में हो रही परेशानी के बारे में बताया गया। साथ ही डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का निर्देश दिया गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत, दिनेश महतो, शैलेंद्र कुमार मेहता, परमुनी देवी, अंगनी बेक, एतवारी देवी, शांता मिंज सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

## 18वीं लोकसभा में स्थानीय बने सांसद: अमित पांडेय

लातेहार (आजाद सिपाही)। इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के पंचवटी पलाजा होटल में स्थानीय उम्मीदवार को सांसद बनाने को लेकर एक बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय द्वारा किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लोकसभा में किसी भी दल से स्थानीय उम्मीदवार दे जो अपना मत लोकसभा चुनाव में कर सके। बहुत ही हास्यास्पद बात है कि 543 लोकसभा में आज तक चतरा लोकसभा में स्थानीय उम्मीदवार नही जीत दर्ज किया है। मौके पर संदीप कुमार, बिजेश सिंहा इटखोरी, अजय यादव चतरा, अनिल कुमार सिंह कांहाचट्टी, रंजीत सिंह, मालिक बाबू मयूरहंड, विकास कुमार, सौरव कुमार लातेहार के अलावा अन्य प्रखंड से लोग सामिल हुये।

## सावन की पहली सोमवारी पर भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

बरवाडीह (आजाद सिपाही): बरवाडीह के ऐतिहासिक पहाड़ी शिव मंदिर में सावन की पहली सोमवारी के मौके पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब बता दें कि सावन का पावन महीना 4 जुलाई को ही शुरू हो गया था। लेकिन आज 10 जुलाई को सावन की पहली सोमवारी है। इसको लेकर बरवाडीह के पहाड़ी शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कुछ भक्त अहले सुबह में ही औरंगा नदी से जल उठाकर पैदल चल कर पहाड़ी मंदिर पहुंचे और कतारबद्ध होकर महादेव को जल चढ़ाया। श्रद्धालुओं में पहली सोमवारी के दिन काफी उत्साह देखने को मिला। मंदिर बोल बम और जय भोलेनाथ के जयकारे से गुंज उठा है।

## जल मीनार में भारी अनियमितता, पंचायत समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

लातेहार(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के मोगर पंचायत के समीप हरका और बिशुनपुर ग्राम में हो रहे सोलर जल मीनार में ठेकेदार के द्वारा जहां-तहां जैसे तैसे बोरिंग करने और निर्माण कार्य मे भारी अनियमितता बरतने को लेकर मोगर पंचायत के पंचायत समिति प्रिया देवी ने सोमवार को उपायुक्त के नाम लिखित आवेदन देते हुए कहा कि मोगर पंचायत के समीप हरखा ग्राम और बिशुनपुर ग्राम में कुल 13 सोलर जल मीनार लगाये जा रहे हैं जिसमें विभाग के द्वारा सभी स्थानों पर कम बोरिंग करने और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग तथा प्राक्कलन से कम गड़ायी पर पाइप को लगभग 6 इंच गढ़ा कर पाइप को ढक दिया जा रहा है जिससे पाइप को टूटने की संभावना बनी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की नेक उद्देश्य अधूरी की अधूरी रह जायेगी अधूरी रह जायेगी। आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से योजना की जांच करने की गुहार लगायी है।

## कुडू में आजसू के प्रखंड प्रभारी और पंचायत प्रभारी मनोनीत

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड में प्रखंड प्रभारी और पंचायत प्रभारी का मनोनयन किया गया, जिसमें उपस्थित रही झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत। बैठक का संचालन कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान जी ने किये, सभी पंचायत के पंचायत प्रभारी को दिशा निर्देश दिया गया है कि आगामी कार्यक्रम ग्राम प्रभारी के साथ झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का लोहरदगा जिला में आगमन होने वाले इस आगमन में सुप्रीम ग्राम प्रभारियों के साथ जन पंचायत का कार्य कर रखे हैं। इस कार्य को सफल बनाने हेतु कुडू प्रखंड में पंचायत प्रभारी नियुक्त किया जिसमें पश्चिमी क्षेत्र से सलगी पंचायत से मनोहर ठाकुर और राजेंद्र लोहरा छापी पंचायत से अवधेश पाठक पंचम लाल सहदेव सुंदरू पंचायत से नावेज खान रामविलास। इस बैठक में सभी पंचायत के जिला तथा केंद्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत करंट लगने से वृद्ध की मौत

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के कांजो महुआटोली गांव में सोमवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से स्व शबीर अंसारी के 65 वर्षीय पुत्र रज्जाक अंसारी की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने मवेशियों को चारा पानी दे रहा था इसी दौरान वह बिजली के खंभे से लटके तार की संपर्क में आ गया। जिससे करेंट का तेज झटका लग गया। परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। जिसके बाद सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाया गया। जहा चिकित्सक द्वारा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी स्थानीय भंडरा पुलिस को दिया गया।

# हर-हर महादेव के नारों के बीच शिवभक्तों ने मनायी सावन की पहली सोमवारी

श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर कई स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पवित्र सावन माह की पहली सोमवारी पर जिले के शिवालय हर-हर महादेव के नारों से गुंजते रहे। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर कई स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे। पहली सोमवारी पर जिले के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भक्तों ने भगवान को भोग लगाया।

जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। टांगीनाथ धाम परिसर में पड़े शिवलिंग व विशाल त्रिशुल भक्तों को हर श्रावण मास में अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोग टांगीनाथ धाम स्थित नदी में स्नान कर वहां से जल उठाकर मंदिर पहुंचते हैं। जहां भक्ति भाव व आस्था के साथ शिवलिंग में जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान मांगते हैं। भक्तों की यह आस्था व विश्वास टांगीनाथ धाम को प्रसिद्धि देती है। वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया। देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए लोहरदगा, गुमला सहित कई जिलों से लोग वाहनों में सवार होकर पहुंचते हैं। यहां जलाभिषेक कर भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति का वरदान स्वयंभू भगवान भोलेनाथ से करते हैं। भगवान भी अपने भक्तों की इच्छा किसी न किसी रूप में पूरा करते हैं। वहीं शहर के करमटोली स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर, पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर, रौनियार मंदिर, घाटो बगीचा स्थित महावीर मंदिर, विंध्याचल नगर स्थित पंच शिव शक्ति मंदिर आदि स्थानों पर भी अहले सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ी पड़ी थी।

## राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर निजी क्षेत्र में बायोफ्लॉक टैंक निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत निजी क्षेत्र में बायोफ्लॉक टैंक निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि मत्स्य पदाधिकारी कुसुमलता व कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने संयुक्त रूप से किया। मत्स्य पदाधिकारी ने कहा कि मछली पालन में रोजगार व आय के साधन सृजन करने की असीम संभावनाएं हैं। विभाग ने लाभुक अमर प्रदीप कुजूर को योजना से लाभान्वित किया है। परियोजना की लागत साढ़े सात लाख है। जिसमें सरकारी अनुदान साढ़े चार लाख रूपए का प्रदान किया गया है। जबकि तीन लाख रूपए लाभुक का अंशदान है। कहा कि लाभुक ने बेहतर तरीके से टैंक का अधिष्ठापन किया है। उम्मीद है कि अब वे बेहतर प्रोडक्शन कर आत्मनिर्भर बनेंगे। मछली पालन के जरिए वे लाखों की कमाई कर सकते है। रमेश चीनी ने कहा कि बायोफ्लॉक तकनीक एक आधुनिक व वैज्ञानिक तरीका है। बायोफ्लॉक तकनीक से बिना तालाब की खुदाई किए टैंक में मछली पालन कर सकते हैं। बायोफ्लॉक तकनीक को अपनाने से कम पानी और कम खर्च में अधिक से अधिक मछली उत्पादन किया जा सकता है। इस तकनीकी में टैंक सिस्टम में बैक्टीरिया द्वारा मछलियों के मल और अतिरिक्त भोजन को प्रोटीन सेल में बदल कर मछलियों के खाने में बदल दिया जाता है। यह मुनाफा कमाने की एक बेहतरीन तकनीक है। इसमें खास बात यह है कि इस तकनीक में कई प्रजातियों की मछलियां पाली जा सकती हैं, जिनकी बाजार में अच्छी मांग होती है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग जो बेरोजगार है। वे भी योजना का लाभ लें और मछली पालन के क्षेत्र में एक विशेष आयाम स्थापित करें। लाभुक अमर प्रदीप कुजूर ने कहा कि मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसका लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। उनकी कोशिश बेहतर उत्पादन करने की है। मौके पर नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, एसबीआई के शाखा प्रबंधक कुंदन कुमार, निर्मल गोयल, द्वारिका मिश्रा, शशिप्रिया बंटी, रंजन तिर्की, फादर सिप्रियन कुल्लू, मुकेश सहित अन्य लोग थे।

**बैठक :** उपायुक्त ने की रागी मिशन संबंधित योजनाओं की समीक्षा, कहा

# रागी उत्पादों को दिया जायेगा विस्तृत प्लेटफार्म

मार्केट लिंकेज, मिलेट कैफे, रागी से कुपोषण मुक्त योजना आदि के संबंध में की गयी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रागी मिशन को लेकर सोमवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दरमियान उपायुक्त ने कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

रागी के उत्पाद को बढ़ाने एवं मार्केटिंग को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हुई। जिसपर उपायुक्त ने सर्वप्रथम मिलेट कैफे में चल रहे निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अब जिले के बाहर रागी से निर्मित उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने हेतु चर्चा की। उन्होंने कहा कि रागी उत्पादों को विस्तृत प्लेटफर्म दिया जायेगा। पिछले कुछ महीनों से समाज कल्याण कार्यालय द्वारा कुपोषित बच्चों के बीच रागी लड्डू का वितरण किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उपायुक्त ने बच्चों का रागी लड्डू के सेवन से पहले एवं बाद की स्थिति की रिपोर्ट की मांग की। जिस प्रकार से गुमला जिले के बच्चे रागी लड्डू के सेवन करने से तंदुरुस्त हो रहे हैं इसी प्रकार से अन्य जिलों के बच्चे भी कुपोषण मुक्त हो सकें इसके लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को अन्य जिलों से भी संपर्क स्थापित करते हुए रागी से कुपोषण मुक्त की सफलता को साझा करने की बात कही। उपायुक्त ने रागी में मिलने वाले पौष्टिकता के बारे में अस्पतालों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि में दीवाल लेखन कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा रागी मिशन को बढ़ावा देने के संबंध में अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## प्रोजेक्ट उवि में डायन प्रथा उन्मुखीकरण संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उपायुक्त ने कार्यक्रम में मौजूद, बच्चों को डायन कुप्रथा से जुड़ी विशेष बातों से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव सोमवार को रायडीह के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय पहुंचे। रायडीह में जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा डायन प्रथा उन्मुखीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत की। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ रायडीह, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय एवं एसएस +2 की विद्यार्थी एवं शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी को डायन कुप्रथा के विषय में जागरूक करना था। जिसके लिए नुक्कड़ नाटक एवं जादू के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। जादूगर सुनील साहू ने अपने कलाकारी के माध्यम से बच्चों को तांत्रिक के झाड़ फूंक एवं अंधविश्वास से दूर रहने के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने बच्चों को जानकारी दी कि किस प्रकार से लोग अपनी लालच के लिए महिलाओं को डायन घोषित करते हुए उन्हें अपने रास्ते से हटाने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि डायन प्रथा एक ऐसी कुरीति है जिसके पीछे एक निहित स्वार्थ्य एवं लालच छुपी होती है और जिसका अंजाम एक महिला को भुगतना पड़ता है। समाज की कुरीति को खत्म करने का सबसे आसान तरीका है समाज को जागरूक करना, जिसकी मुख्य जिम्मेवारी विद्यार्थियों की भी है।

इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि डायन प्रथा से संबंधित किसी भी प्रकार की घटना के बारे में यदि जानकारी प्राप्त हो तो फौरन स्थानीय पुलिस अथवा विद्यालय की शिक्षिकाओं अथवा आंगनबाड़ी सेविकाओं को दें, ऐसी घटना गंभीर रूप ले सकती है।

## गुमला पुलिस ने बरियातू में फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया

मामला जीवित आदमी को मृत दिखाकर जमीन बेचने का

आजाद सिपाही संवाददाता




गुमला। गुमला पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे मोराबादी बरियातू निवासी अखौरी गौरव प्रसाद, पिता स्व. अखौरी कन्हैया प्रसाद के घर इश्तेहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने का अल्टीमेटम दिया।

मामले में आरोपी के चचेरे भाई ने गुमला थाना में आरोपी का विरोध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा मेरा भाई मुझे मृत दिखाकर मेरे जमीन को बेच दिया। वहीं अंचल कार्यालय से गलत मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनवाया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह पुणे महाराष्ट्र में रहता है। उसकी इस करतूत का पता उसे बाद में चला। तत्पश्चात उसने प्राथमिकी दर्ज कराई। गुमला थाना की पुलिस ने कई बार थाने में उपस्थित होने का नोटिस दिया लेकिन वह फरार चल रहा है जिसके बाद पुलिस द्वारा उसके घर में यह इश्तेहार चिपकाया गया।

## हुंटार गांव में जंगली हाथी ने गरीब किसान के घर को किया ध्वस्त

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत जारी थाना क्षेत्र के हुंटार गांव में रविवार की रात करीब 8:00 बजे एक जंगली हाथी ने लोहोर नगेसिया के घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया एवं घर में रखे धान को चट कर गया। वहीं घर में रखे पानी मशीन एवं कई सामान क्षतिग्रस्त हुआ है। लोहोर नगेसिया ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। प्राप्त जानकारी अनुसार जंगली हाथी घर पर हमला कर उसे ध्वस्त करने लगा तो घर के सभी सदस्यों ने दूसरी ओर से घर से भाग कर अपनी जान बचाई और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद एकजुट होकर ग्रामीणों ने हाथी को गांव से दूर खदेड़ा।

## सिसई में अवैध बालू लदा ट्रक जब्त

**सिसई (आजाद सिपाही)।** डीएमओ रामनाथ राय ने अवैध बालू परिवहन के आरोप में नं. जेएच 07 एल 5049 ट्रक, ट्रक चालक व मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत सोमवार को सिसई थाना में केस दर्ज कराया है। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि रविवार को रात्रि गश्ती के दौरान जवानों ने एक ट्रक को रोकना चाहा पर पुलिस को देखते ही ट्रक चालक वाहन को तीव्र गति से भगाने लगा। पुलिस को पीछा करते देख मित्रा पेट्रोल पम्प के पास चालक ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। वाहन की जांच में अवैध बालू लोड पाया गया। खनन विभाग को सूचना देते हुए ट्रक को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है।

## जमीन विवाद में वृद्ध की लाठी से पीटकर हत्या आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चितपुर गांव के जोड़ा जामटांड़ में जमीन विवाद में 70 वर्षीय वृद्ध जेवियर तिर्की की हत्या लाठी-डंडे से पीटकर गांव के ही एक 30 वर्षीय युवक हर्षित कुजूर ने कर दी। आरोपी युवक हर्षित कुजूर को पुलिस ने चितरपुर गांव से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी हर्षित रविवार को ही केरल से लौटा था। ग्रामीणों के अनुसार पहले से ही दोनों परिवार के बीच जमीन जायदाद को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार शाम 4:00 बजे के करीब मवेशी चराने गए जेवियर से गांव के समीप जोड़ाजाम टांड़ में जमीन को लेकर विवाद हो गया, जहां हर्षित ने एक डंडे से जेवियर की पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर रविवार देर रात पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया एवं आरोपी हर्षित को गिरफ्तार कर थाना ले आई।

**बैठक :** नप प्रशासक ने नगर प्रबंधकों एवं स्वच्छता टीम के साथ की स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा, कहा

# शहर के लोग साफ-सफाई को लेकर अपना फीडबैक जरूर दें

वार्ड स्तरीय स्वच्छता समिति बनाने, वार्डों के बीच स्वच्छ प्रतियोगिता कराने सहित सतत अभियान चलाने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों को लेकर नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपने नगर प्रबंधकों एवं स्वच्छता टीम के संबंधित लोगों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए वांछित विभिन्न मानकों एवं घटकों की तैयारियों की अद्यतन प्रगति जानते हुए बेहतर प्रदर्शन हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए।

उन्होंने प्रत्येक वार्ड में वार्ड स्तरीय स्वच्छता समिति बनाने, वार्डों के बीच स्वच्छ प्रतियोगिता कराने, कचरा पृथक्करण को लेकर शहर में एक माहौल बनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाम लगाने के लिए सतत अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शहर के हर घर से डोर टू डोर कचरा उठाव में कोई कोताही नहीं होना चाहिए, व्यवसायिक क्षेत्रों में नियमित रूप से दिन में कम से कम दो बार सफाई कराने, जिन दुकानों में डस्टबिन नहीं रखे हैं उन पर कठोरता बरतते हुए नियमानुसार जुर्माना लगाने का निर्देश दिया।

नगर प्रबंधकों ने जानकारी दी कि फिलहाल शहर के मुख्य मार्गों पर सुबह और शाम दो बार नियमित रूप से सफाई कराई जा रही है।

प्रशासक ने स्वछता टीम को निर्देश दिया कि जिन घरों से कचरा पृथक्करण करके दिया जा रहा है उनके दरवाजों पर हरा स्टीकर लगाएं और जो पृथक्करण करके कूड़ा नहीं देते हैं उनके दरवाजे पर लाल स्टीकर चस्पा करें। उन्होंने शहर के लोगों से भी अपील की कि वे शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी अपेक्षित भूमिका जरूर निभायें। जहां कहीं भी साफ-सफाई को लेकर यदि गड़बड़ियां दिखे तो इसकी सूचना भी नगर परिषद कार्यालय को दें ताकि शहर की साफ सफाई दुरुस्त की जा सके।

बैठक के दौरान नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, हिमांशु मिश्रा, रौनक पांडे, मुन्ना कुमार, सोनिया कुमारी, रोशन कुमार आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अंजुमन इस्लामिया के सदर असरफ राय, सेक्रेटरी खुर्शीद आलम और खजांची बने अफजल आलम

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी नवागढ़ पतराटोली की बैठक रविवार देर शाम जामा मस्जिद परिसर पतराटोली में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के सदर जहिरुद्दीन हबीबी ने की। बैठक में मुस्लिम समुदाय के आने वाले पर्व मोहर्रम पर चर्चा की गयी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मोहर्रम पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए पुरानी मोहर्रम कमेटी को भंग करते हुए नयी मोहर्रम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मोहर्रम कमेटी के सदर के रूप में असरफ राय उर्फ लालो, सेक्रेटरी के रूप में खुर्शीद आलम उर्फ बिट्टू, खजांची के रूप में अफजल आलम को चुना गया। मौके पर तसलीम खान, मो. कुर्बान, रमजान खान, जैनुल हक, जमिल खान, अजीज राय, परवेज खान, अफरिदी राय, इम्तीयाज राय, जावेद राय, अफरोज राय, सोनू राय, अब्दुल हक, जुनेब राय, शान राय, अनवर गौसी, तौफिक आलम, आफताब राय, एनामुल हक, वसिम जफर, चांद खान, अरसद खान, आसिफ राय, सहित कई लोग शामिल थे।

### झानद के बिशुनपुर विस स्तरीय कार्यक्रम में घाघरा के सभी पंचायत से प्रतिनिधि भाग लेंगे

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का संयुक्त रूप से 13 जुलाई 2023 को होनेवाले बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में घाघरा प्रखंड के सभी पंचायत से प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। कार्यक्रम के जरिए दिल्ली में महिला पहलवानों का चल रहे आंदोलन का समर्थन में तथा मध्यप्रदेश में एक आदिवासी पर भाजपा नेता द्वारा पेशाब करने के कृत्य पर निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। विदित हो कि पार्टी द्वारा शुरू की गई हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके तहत बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं को लेकर कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम के जरिए बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में मची लूट-खसोट, भ्रष्टाचार, पलायन, मानव तस्करी, मजदूरों व किसानों की समस्या, महिला उत्पीड़न जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कूल में बीते रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने दर्जनों ताला तोड़ विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ किए है। इस संबंध में प्रधानाचार्य ने बताया कि सोमवार की सुबह जब विद्यालय आए तो देखा कि विद्यालय के लगभग सभी दरवाजा का ताला तोड़ा हुआ था। ऑफिस के अंदर घुस कर देखा गया तो लगभग 6 अलमारी का लॉक तोड़ा हुआ था साथ ही दस्तावेज बिखरे पड़े थे। हालांकि अंदेशा लगाया जा रहा है कि किसी भी तरह का चोरी नहीं हुआ है पर महत्वपूर्ण दस्तावेज इधर से उधर कर दिए गए है। विद्यालय को स्मार्ट क्लास बनाने के लिए सभी हाईटेक सामग्री कार्यालय में रखे थे पर चोरों ने उसे चोरी नहीं किया और ना ही नुकसान पहुंचाया है सिर्फ और सिर्फ कार्यालय के अलमीरा का लॉक तोड़कर कागजात इधर से उधर किया हुआ है। इस संबंध में प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने घाघरा थाना को लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया की स्कूल के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है सुरक्षा दृष्टिकोण से अब गस्ती और भी बढ़ाई जाएगी, ताकि आगे से इस तरह का घटना ना हो और छापेमारी की जा रही है जल्द ही पता लगा लिया जाएगा और सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में जारी प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सबसे पहले पशु विभाग की समीक्षा की गयी जिसमें पशुपालन पदाधिकारी भरण विद्यार्थी ने कहा कि अगर किसी का पशु का वज्रपात या किसी बड़े बीमारी से मौत होती है तो उसको विभाग के द्वारा गाय के लिए 25000 तथा बैल के लिए 30000 मुआवजा का प्रावधान है, लेकिन मवेशियों का टीकाकरण होना अनिवार्य है। अगर मवेशियों का टीकाकरण नहीं हुआ है तो उक्त लाभ किसानों को नहीं मिलेगा। जारी थानेदार मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि डायन बिसाही साइबर क्राइम बाल विवाह आदि से दूर रहें आज बड़े पैमाने पर मोबाइल के माध्यम से साइबर क्राइम हो रहा है इसलिए किसी को भी ओटीपी ना दें। वन विभाग के फॉरेस्टर नवल किशोर ने कहा की जारी प्रखंड में हाथियों का तांडव जारी है लेकिन जंगली हाथी के साथ छेड़छाड़ ना करें अगर किसी गरीब ग्रामीण का फसल या घर को क्षतिग्रस्त करता है तो उसके लिए मुआवजा का प्रावधान है इसलिए मुआवजा लेने के लिए आवेदन वन विभाग को दें निश्चित रूप से मुआवजा दिया जाएगा ।प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा की सभी विभाग के अधिकारी इमानदारी पूर्वक अपने कार्य का निर्वहन करें किसी भी तरह का परेशानी ग्रामीणों को ना हो इसका ख्याल रखते हुए कार्य करें।मौके पर वीडियो सुमन गुप्ता सीईओ रेशमा रेखा मिंज वसीम अंसारी नारायण भगत खुशबू कुमारी सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ ने ग्रामीणों से की विकास योजनाओं में बिचौलियों को पैसे नहीं देने की अपील

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने समस्त ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि प्रखंड अंतर्गत मनरेगा, आवास, पेंशन एवं अन्य विकास योजनाओं के नाम पर किसी भी व्यक्ति, कर्मी अथवा बिचौलिया के द्वारा कार्य के एवज में पैसे की मांग करने या प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम पर पैसे की मांग करने पर पैसा नहीं देंगे एवं अविलम्ब इसकी लिखित शिकायत बीडीओ बसिया से करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी का यह दायित्व है कि सभी प्रकार की विकास योजनाओं को पूरे पारदर्शी तरीके से लागू किया जाये एवं समस्त ग्रामीणों को नियमानुसार सरकारी लाभ पहुंचाया जाये। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रखंड के कुछ बिचौलिया एवं कर्मियों के द्वारा सरकारी योजनाओं यथा मनरेगा आदि का लाभ देने के नाम पर ग्रामीणों से पैसे की मांग की जाती रही है। जानकारों की मानें तो मनरेगा योजनांतर्गत कूप निर्माण योजना का लाभ देने के लिये 20 हजार रुपया तक की मांग की जाती है। इसी तरह दूसरी योजनाओं का भी दर तय है। संभावित लाभुक से पैसे की मांग योजना देने के नाम पर की जाती है और अगर संभावित लाभुक पैसा नहीं देता है तो उसको कोई कमी बताकर उसकी योजना को स्वीकृत नहीं की जाती है। मनरेगा कर्मियों द्वारा बकायदा पैसे की वसूली हेतु हर पंचायत में बिचौलिया को रखा गया है, जिसकी सहायता से पैसे की वसूली करवाई जाती है। हिम्मत की दाद भी देनी होगी कि कुछ मनरेगा कर्मी और बिचौलिया प्रखंड के पदाधिकारियों के नाम पर लाभुक से पैसे की वसूली करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## नौडीहा बाजार प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

# बंद आगनबाड़ी केंद्र की मुझे सूचना दें, निश्चित कार्रवाई होगी: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड में सोमवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान और संचालन प्रखंड बीडीओ सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सचिव जितेंद्र कुमार मंडल ने किया। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित 20 सूत्री सदस्य मो परवेज आलम ने कहा कि शिक्षक हाजरी बनाकर विद्यालय से गायब रहते हैं। इस पर बीआरपी कुबेर कुमार ने कहा कि मैं इसकी सूचना प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी को दे दूंगा। वहीं बाल विकास परियोजना विभाग में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका गीता कुमारी को समिति की ओर से हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र में भ्रमण कीजिए, ताकि आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सही ढंग से हो सके। बैठक में उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान, बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अनवर अंसारी, नितिश कुमार,गजेन्द्र शर्मा, विनोद सिंह, पंचायत सेवक सह पंचायती राज पदाधिकारी विनोद राम, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रभारी आकाश कुमार, मनरेगा बीपीओ दीपक कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरिफ,आवास कोर्डिनेटर अंजलि कुमार, पंचायत प्रखंड कोर्डिनेटर,शिक्षा विभाग के बीआरपी कुबेर कुमार, बाल विकास परियोजना विभाग की महिला पर्यवेक्षिका गीता कुमारी के साथ नए नियुक्त होकर पांच पंचायत सचिव भी उपस्थित थे।

20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग।

# हर-हर महादेव के नारों से गूंजा शिवालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/ पलामू।** सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहा। सतबरवा का महावीर चौक स्थित शिव मंदिर, सकल शिव मंदिर, ठाकुरबाड़ी स्थित शिव मंदिर समेत सभी शिवालय हर-हर महादेव के नारे से गूंजता रहा। वहीं, शहरों से दूर अजगर नाथ देव धाम पहाड़ और चमरूआ पहाड़ समेत प्रखंड के कई पहाड़ों पर विराजमान भोलेनाथ के मंदिरों में भी शिव भक्तों ने हर-हर बम के नारे लगाते हुए पहाड़ चढ़कर जलाभिषेक किया। ऐसे तो सावन का पूरा महीना पावन होता है, लेकिन सोमवार को उपवास रहकर बेलपत्र और जल चढ़ाने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं और भक्त हर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

# सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने किया जलाभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सावन महीने की पहली सोमवारी को हुसैनाबाद क्षेत्र के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक किया। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। श्रद्धालु उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना किए। शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पुजारी गोपाल पाठक ने बताया कि सावन पवित्र महीना होता है। वहीं, बडेपुर पंचायत की पूर्व मुखिया प्रत्याशी खुशबू देवी ने अपने सपरिवार के साथ जपला रेल स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में पंडित शंभु पाठक द्वारा रुद्राभिषेक कराया। इस मौके पर अमृता देवी, इंदु देवी, रिंकी देवी, सिदेश्वर सिंह, राजीव सिंह आदि मौजूद थे।

# स्कूल से भाग कर बांध में नहाने गये दो छात्र डूबे, मौत

स्कूल में हंगामा करते अभिभावक, ग्रामीण और उपस्थित जनप्रतिनिधि।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत मधुबाना पंचायत के गड़ईबांध में नहाने के दौरान दो स्कूली बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। दोनों स्कूल से भागकर नहाने पहुंचे थे। घटना के बाद उनके परिजन और स्थानीय लोगों ने स्कूलों में जाकर हंगामा किया और बच्चों की मौत के लिए शिक्षकों को जिम्मेवार ठहराया। आरोप लगाया कि उनकी लापरवाही से बच्चें स्कूल से बाहर निकले और नहाने चले गए। अभिभावकों ने इस क्रम में कई अन्य आरोप भी शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पर लगाए। मृत बच्चों में सकलदीपा गांव के विजय सिंह का इकलौता पुत्र पीयूष कुमार सिंह (11) और मधुबना के रविंद्र सिंह का पुत्र शिवम कुमार (12) शामिल है। शिवम राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबाना में 7वीं, जबकि पीयूष बरवाडीह राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 7वीं का छात्र था। दोनों प्रतिदिन की तरह अपने-अपने स्कूल गये थे। वहां बैग रखने के बाद दोनों नहाने के लिए निकल गए। स्कूल से डेढ़ किलोमीटर दूर गड़इबांध में दोनों नहा रहे थे। तभी दोनों डूब गए। उनके डूबने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो आनन- फानन में मौके पर तेंदुई पंचायत के मुखिया पति अरविन्द सिंह पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बांध से निकालकर अस्पताल ले गए। हालांकि तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर फैल गयी। उधर, हंगामे की सूचना पाकर पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। बरवाडीह और मधुबाना विद्यालय में जमकर हंगामा किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार टीसी काटते हैं और मनमाना पैसा वसूलते हैं। बरवाडीह विद्यालय में हंगामे के दौरान प्रभारी बीडीओ अशोक कुमार, सीओ एमएन मंसूरी, जिला पार्षद ददन पासवान, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव, पिपरा मुखिया रामाशीष पासवान, तेंदुई पंचायत के मुखिया पति अरविंद सिंह, पंसस पति राजन सिंह उर्फ भोलू आदि भी थे। बरवाडीह उच्च विद्यालय में 15 शिक्षक कार्यरत हैं,जिसमे मात्र पांच उपस्थित थे और पांच प्रतिनियुक्ति पर हैं। जबकि पांच शिक्षक गायब रहे। ग्रामीणों ने कहा कि ना तो स्कूल में बेहतर शिक्षा दी जाती है ना ही बच्चों का ख्याल रखा जाता है। सही से ध्यान रखा जाता तो ऐसी घटना नहीं होगी।

# पहले मुकरा, थान में मामला दर्ज होने के बाद युवक ने की प्रेमिका से शादी

**अजब प्रेम की गजब कहानी**
**मुखिया ने कराया है अब तक 32 जोड़ भटके हुए प्रेमी युगल जोड़ी के शादी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** पूर्णाडीह पंचायत में प्रेमी युगल की शादी एक बार फिर चर्चा का विषय बना हुआ है। बतातें चलें कि प्रखंड क्षेत्र के पूर्णीडीह एक ऐसा पंचायत है जहां हर वर्ष आधा दर्जन प्रेमी युगल की बिना मुहूर्त के शादी होती है। प्रखंड क्षेत्र के गुरियादामर निवासी नयन सिंह की बेटी सोनम कुमारी का पलामू जिले के ही पड़ावा थानांतर्गत कठौतिया गांव निवासी सुशील कुमार के साथ विगत दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक शादी का झांसा देकर युवती का दो वर्षों से यौन शोषण कर रहा था। इधर, युवती ने जब प्रेमी परर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद लड़की ने लेस्लीगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। थाना में शिकायत के बाद युवक हरकत में आया और शादी के लिए राजी हुआ। उसके बाद रविवार को लेस्लीगंज के बसौरा स्थित गायत्री मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से दोनों प्रेमी युगल की शादी कराई गई। हालांकि शादी में लड़का के माता-पिता शामिल नहीं हुए। वर पक्ष से उसका बहनोई सहित गांव के लोग एवं पंचायत के पूर्व मुखिया शामिल रहे। पूर्णाडीह पंचायत की मुखिया गुड्डी देवी, उप मुखिया बरूण जायसवाल, पंचायत समिति सदस्य कमेश यादव,विनोद सिंह, लाला यादव, सुधीर सिंह, रामराज सिंह, नागेंद्र सिंह, मनोज सिंह सहित कई गणमान्य की उपस्थिति में शादी संपन्न हुई। लड़की और लड़का ने सामाजिक शपथ पत्र बना कर एक दूसरे के परिणय सूत्र में बंध गए हैं। यह शादी आसपास में चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर, मुखिया गुड्डी ने बताया कि इस पंचायत में वे अपने छह वर्ष के कार्य काल में ऐसे 32 प्रेमी युगल के शादी करवा चुकी हैं।

# प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की हुई समीक्षा बैठक

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व संचालन उपाध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला गुड्डू ने किया। बैठक में कई योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने समिती सदस्यों को प्रखंड से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान सदस्यों ने कई मुद्दों को भी उठाया और उससे संबंधित जानकारी पदाधिकारियों से ली। बैठक में बैजनाथ राम,एमामूल हक गुड्डू के अलावा प्रखंड सह अंचल सहित कई पदाधिकारियों व सभी समिति सदस्य मौजूद थे।

# पीड़ित परिवार से मिले विधायक बिरंची नारायण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो विधायक बिरंची नारायण सोमवार को चास प्रखंड के संथालडीह ग्रामवासियों व पीड़ित कमल महतो के परिजन से मिले। बतातें चलें कि रविवार को कमल महतो अपने परिवार के साथ अपनी बेटी की शादी की विधि करने जा रहे थे तभी संथालडीह गांव मे एक समुदाय के युवाओं ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया था। इसकी सूचना पाकर विधायक चास प्रखंड के संथालडीह ग्रामवासियों व पीड़ित कमल महतो के परिजन से मिले और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्हें आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनावृत्ति न हो इसे लेकर बोकारो डीसी और एसपी से मिलकर बात करेंगे। इस मौके पर माथुर मंडल, महेंद्र राय, विपिन प्रामाणिक, शिवनन्दन सिंह, मंसू महतो और मदन महतो आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तीन मार्ग लुटेरे गिरफ्तार,चोरी का हाइवा बरामद

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले की हरिहरगंज व पिपरा पुलिस की अलग-अलग कार्रवाई में राहगीरों को लूटने वाले तीन आरोपितों सहित धनबाद से वाहन चोरी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने दी। वे सोमवार को पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विगत 22 जून को स्वमान कंपनी के फिल्ड आफिसर अजीत साह के साथ हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मंगरदाहा नहर के समीप लूट की घटना को अंजाम दिया गया थ। पुलिस ने घटना के महज 15 दिनों के अंदर मामले का उद्भेदन करते हुए रोहित कुमार उर्फ नन्हे को औरंगाबाद से, गोलू कुमार उर्फ शशांक को हैदरनगर व रविरंजन कुमार सिंह को सरसोत हरिहरगंज से गिरफ्तार किया गया है। जांच के क्रम में इन तीनों के पास से व उनकी निशानदेही पर लूटा गया एक मोबइल फोन, एक टैब व अन्य सामाग्रियां बरामद कर ली गई है। लूट की घटना को रोहित, गोलू व एक अन्य अपराधी ने अंजाम दिया गया है। वहीं दिव्यांग रवि रंजन कुमार सिंह व अन्य ने उक्त तीनों आरोपितों को फिल्ड आफिसर अजीत साह की गतिविधियों की सूचना दी जा रही थी। दो अन्य फरार आरोपितों की धर पकड़ के लिए छापामारी जारी है। जबकि एक अन्य घटना में तीन मार्च 2023 को पीपरा थाना अंतर्गत चपरवार मोड़ से चोरी गई दस चक्का हाईवा को पीपरा पुलिस ने अथक प्रयास से धनबाद जिला के लोयाबाद थाना से बरामद कर लिया है। चोरी गया वाहन अमीरूद्दीन अंसारी का था। एसपी ने बताया कि उक्त वाहन से तड़के करीब 3 बजे चोरी कर लिया गया था। उसके बाद औरंगाबाद होते हुए उक्त वाहन को लोयाबाद ले जाया गया। काफी छानबीन के बाद जब पीपरा पुलिस लोयाबाद गई तो पाया कि उक्त चोरी के वाहन का नंबर चोरों ने बदल कर जेएच 09बीसी 5281कर दिया है। साथ ही पहचान छिपाने के लिए गाड़ी का इंजन एवं चेसींस नंबर के साथ भी छेड़छाड़ की गई है। अनुसंधान के क्रम में इस कांड में शातिर अप्राथमिकी आरोपित बोकारो जिले के चंद्रपुरा थानांतर्गत तेलो उपर टोला निवासी फिरदौस खान साकिन को धनबाद से गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह के अन्य दो व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए पीपरा पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के रसोईया को निकाले जाने पर छात्रा बटी दो गुटों में, विवाद उत्पन्न

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लैचूडीह के वार्डेन द्वारा रसोइया को निकाले जाने पर छात्रा दो गुट में बंट गए। जिससे विद्यालय में बच्चों के बीच विवाद की स्थिति उपन्न हो चुकी। वहीं अभिभावकों में भी आक्रोश देखा गया। जानकारी के बाद बीईओ रामनरेश राम, एडीपीओ अशोक रजक विद्यालय प्रभारी दीपाली कुमारी, पीपरा बोपीओ ओमप्रकाश कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी छात्राओं को बैठा कर पिसी की गई। पहले गुट के द्वारा वार्डेन पर मेनू के हिसाब से खाना नहीं देने के अलावे कई आरोप लगाए गए। जबकि दूसरी गुट के द्वारा मेनू के हिसाब से खाना देने की बात कही गई। जिसका रजिस्टर में लेखा जोखा भी रखा गया है। पहले गुट के छात्रा अविता कुमारी, चांदनी कुमारी, सोभा कुमारी ने वार्डेन पर आरोप लगाया कि कभी तेल घट जाता है तो कभी मशाला साथ ही मेनू के हिसाब से खाना नहीं मिलता है। जिसके कारण रविवार की रात करीब 50 छात्रओं के लिए बनी खाना खराब हो गया और उसे बोड़े में बांध कर रखा गया और हम लोगो को सुबह खाने के कहा गया। साथ ही अध पक्का चावल और दाल को भी देखा जा सकता है।वहीं जनरेटर का व्यवस्था रहते हुए भी अंधेरे में रहना पड़ता है। हमारे माता पिता ने यहां पर पढ़ने लिखने के लिए भेजे हैं विवाद में पड़ने के लिए नहीं। जबकि दूसरे गुट के बाल संसद के प्रधानमंत्री अर्चना कुमारी का कहना है कि मेनू के हिसाब से सुबह नाश्ते में सब्जी रोटी, दोपहर चावल, दाल, भुजिया या सब्जी, शाम चार बजे बिस्किट और रात के भोजन में कभी चावल या रोटी के साथ सब्जी दी जाती है। दो दिन पहले एक छात्रा को कीड़े ने काट लिया था जिसे लेकर वार्डेन मैडम इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए थे।

## स्पोर्ट्स

भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन में मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में ऑल इंगलैड चैंपियन चीन के ली शी फैंग को कांटे की टक्कर में 21-18,22-20 से हराया।

**कारनामा : चीन के ली शी फैंग को हराया, 67 साल में केवल 2 इंडियन ये चैंपियनशिप जीते**

# भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन ने जीता कनाडा ओपन

एजेंसी

**कैल्गरी।** भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन ने कनाडा ओपन में मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार की देर रात कैल्गरी में हुए फाइनल में ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के ली शी फैंग को हराया। कांटे की टक्कर में लक्ष्य को 21-18, 22-20 से जीत मिली। वहीं, विमेंस सिंगल्स में जापान की अकाने यामागुची चैंपियन बनीं। उन्होंने देर रात हुए फाइनल में थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन को 21-19, 21-16 से हराया। यामागुची ने सेमीफाइनल में भारत की पीवी सिंधु को हराया था।

### कनाडा ओपन जीतने वाले दूसरे भारतीय

1957 से खेली जा रही कनाडा ओपन चैंपियनशिप में मेंस सिंगल्स का खिताब जीतने वाले लक्ष्य दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले 2016 में बी साई प्रणीत ने मेंस सिंगल्स का खिताब जीता था। 2016 में ही मेंस डबल्स में मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी ने भी खिताब जीता था। 2015 में विमेंस डबल्स में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने खिताब जीता था।

### क्वार्टर फाइनल में करनी पड़ी थी मशक्कत

चीन के फैंग के खिलाफ लक्ष्य का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। लक्ष्य ने लगातार अटैक करना जारी रखा और फाइनल 21-18, 22-20 के अंतर से जीत लिया। लक्ष्य सेन को चैम्पियनशिप में सबसे ज्यादा मेहनत क्वार्टर फाइनल में करनी पड़ी, जहां बेल्जियम के जूलियन करागी के खिलाफ 57 मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें तीन गेम खेलने के बाद जीत मिली। लक्ष्य ने ये मुकाबला 21-8, 17-21 और 21-10 के अंतर से जीता था। उन्होंने फर्स्ट व सेकेंड राउंड के मुकाबले 31 व 38 मिनट के अंदर 2 ही गेम में जीत लिए थे। सेन ने सेमीफाइनल में जापान केंता निशिमोटो को 21-17, 21-14 के अंतर से 44 मिनट में ही हरा दिया था।

### करियर का जीता चौथा सिंगल्स खिताब

21 साल के लक्ष्य यूथ बैडमिंटन की ब्यॉज सिंगल्स कैटेगरी में एक गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज जीत चुके हैं। सीनियर कैटेगरी में खेलना शुरू करने के बाद 2019 में उन्होंने डच ओपन का खिताब जीता। 2019 में ही लक्ष्य ने सारलॉरलक्स ओपन चैंपियनशिप भी जीता। 2022 से लक्ष्य का गोल्डन ईयर शुरू हुआ। यहां उन्होंने इंडिया ओपन जीता और भारत के लिए टीम चैम्पियनशिप में थॉमस कप और कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में ही लक्ष्य जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन में रनर-अप रहे और 2023 में कनाडा ओपन जीतकर अपना चौथा मेंस सिंगल्स टाइटल जीत लिया।

### 2023 में लक्ष्य का पहला खिताब

कनाडा ओपन का खिताब इस साल लक्ष्य का पहला ही खिताब है। उनका यह इस साल का 11वां इहऋकॉम्पिटिशन था। इससे पहले लक्ष्य सिर्फ थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में ही पहुंच सके थे, बाकी चैम्पियनशिप में उन्हें फर्स्ट, सेकेंड या थर्ड राउंड में ही हारकर बाहर होना पड़ा था। वह इस साल इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 में किदांबी श्रीकांत से हारे। सिंगापुर ओपन के फर्स्ट राउंड में चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन से हारे और थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में उन्हें थाईलैंड के ही कुन्लावुत वितिसार्न ने हराया। इसी साल लक्ष्य को मलेशिया मास्टर्स के सेकेंड राउंड, स्विस ओपन के फर्स्ट राउंड, ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के सेकेंड राउंड, जर्मन ओपन के फर्स्ट राउंड, इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल, इंडिया ओपन के सेकेंड राउंड और मलेशिया ओपन के फर्स्ट राउंड में भी हार का सामना करना पड़ा।

# अतिक्रमण किये मकान को खाली कराने में मजिस्ट्रेट के भी छूटे पसीने

## आउटसोर्सिंग अधिकारी का दिखा अलग ही अंदाज

**अतिक्रमण मुक्त कराने के दौरान खेमका केरियर्स आउटसोर्सिंग के एक अधिकारी द्विवेदी अलग ही भूमिका में नजर आये। उक्त स्थल पर बाघमारा सीआइएसएफ व जिला से आयी महिला बल की उपस्थिति के बीच वे बीच-बीच में भूल जाते थे की जमीन का विवाद बीसीसीएल प्रबंधन और पांडेय परिवार के बीच है। ऊपर से मजिस्ट्रेट के रूप मे बाघमारा सीओ खुद मौके पर मौजूद हैं, लेकिन आउटसोर्सिंग अधिकारी द्विवेदी साहब खुद को मजिस्ट्रेट से भी वरिष्ठ अधिकारी मझकर सीआइएसएफ और पुलिस जवान को अलग से आदेश देने लगते थे। उनके आदेश पर सीआइएसएफ व पुलिस का एक जवान पांडेय परिवार के एक सदस्य को काफी दूर तक दौड़ा दिया। बाघमारा सीओ कमल किशोर सिंह सारी स्थिती को देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में लेकर काम किये जिससे मामला आसानी से सलट गया।**

**अदालत में मामला होने के कारण दिया दो दिनों की मोहलत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र के एबीओसीपी के नदखुरकी बस्ती में सोमवार को प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सह बाघमारा सीओ कमल किशोर सिंह की मौजूदगी में नैतिक पांडेय का घर खाली कराने पहुंचे ब्लॉक टू प्रबंधन को जबरदस्त आक्रोश का सामना करना पड़ा। प्रबंधन पूरी व्यवस्था के साथ पांडेय परिवार से घर खाली करवाने पहुंचा था। मजिस्ट्रेट द्वारा बार-बार चेतावनी देने के बाद भी पांडेय परिवार घर खाली करने को तैयार नहीं हुआ। महिलाओं घर के अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। मौके पर मौजूद सीआइएसएफ, पुलिस व अन्य अधिकारियों ने उन्हें घर से बाहर निकालने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। घंटों हंगामा के बाद मजिस्ट्रेट कमल किशोर सिंह ने नैतिक पांडेय को समझा बुझाकर घर से बाहर निकालने और बीसीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता कराकर दो दिन की मोहलत दिलायी। लिखित आवेदन में कहा गया कि अगर दो दिन के अंदर व्यवहार न्यायालय से जमीन पर स्टे ऑर्डर मिल जाता है तो घर खाली नहीं कराया जायेगा। मजिस्ट्रेट कमल किशोर सिंह ने कहा कि एसडीओ के आदेश पर बीसीसीएल की जमीन पर अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे थे। हालांकि पांडेय परिवार की ओर से न्यायालय में मामला लंबित होने की गुहार लगाते हुए दो दिन का समय मांगा गया है। उनके लिखित आवेदन देने के बाद फिलहाल अतिक्रमण कार्य को रोक दिया गया है। स्टे ऑडर नहीं आने की स्थिति में दो दिन बाद यानी 13 जुलाई को उक्त जगह को खाली कराया जायेगा।

# कापासारा आउटसोर्सिंग के मजदूरों ने क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कापासारा के मजदूरों ने वेतन भुगतान और ओसीपी को अविलंब चालू कर उत्पादन की मांग को लेकर भुगमा क्षेत्र के कार्यालय के भीतरी द्वार के समक्ष सोमवार को धरना दिया। अपने संबोधन में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि पिछले तीन महीने का भुगतान नहीं होने से मजदूरों के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी है। मजदूरों का वेतन भुगतान तुरंत करना होगा। साथ ही आउटसोर्सिंग प्रबंधक को जमीन उपलब्ध कराकर उत्पादन अविलंब चालू करना होगा। मांगों को लेकर सम्मेलन कक्ष में प्रबंधन के साथ वार्ता भी हुई, जहां प्रबंधन ने सकारात्मक आश्वासन दिया। कहा गया कि दो-तीन दिनों के अंदर वेतन भुगतान और उत्पादन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक डीके रामा, कार्मिक प्रबंधक वीएल पाण्डेय, जबकि यूनियन की ओर से आगम राम, जिप सदस्य बादल चंद्र बावरी, रोशन मिश्रा, साधन चटर्जी, रामजी यादव, राजू राय, अशोक शर्मा, राजेश सिंह, टन चौधरी, जितेंद्र राम, अंजू चटर्जी, चंडी वाउरी, बीरबल बाउरी, विद्यानंद सिंह, अर्जुन वाउरी, राजेश बाउरी, अजीत वर्मा, भक्तोष बाउरी, विवेक गोप, उज्जल खानी, सुबीर चटर्जी, दिनेश बाउरी, संजय बाउरी, गोविंद बाउरी, लव बाउरी, उन्नत माझी, राहुल मिश्रा, आकाश साव, धर्मवीर यादव, उमापदों कुंभकार, कारूवाउरी, जीतू तांती, अशरफ, भीम सिंह, इसरान, शाबिर और रंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# संगीत के बिना जीवन अधूरा : जौहर अली

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में सोमवार को विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली खान ने बच्चों को वायलिन के इतिहास व वाद्ययंत्र के बारे में जानकारी दी। आचार्या स्वामिनि संयुक्तानंदा, विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्रचार्य सूरज शर्मा और अकार्दीप दास ने विद्यालय परंपरा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिक, तेज और पश्चिमी स्वरूप की ओर आकर्षित हो रही हैं। इसलिये स्पाइकमर्सी हमारी संस्कृति एवं सभ्यता को नई पीढ़ी तक पहुंचा रही है। वहीं, वायलिन वादक जौहर अली ने कहा कि ईश्वर ने खुद ही संगीत बनाई गई। भारतीय हमेशा ही संगीत प्रेमी रहे है। भारतीय संगीत का सार ही संगीत की आत्मा है जो कभी नहीं मरती है, क्योंकि यह हमारे नस-नस में बसी है। जब वायलिन वादक ने शास्त्रीय धूनों पर वायलिन बजाना शुरू किया तो सभी छात्र-शिक्षक मंत्रमुग्ध हो गए। जौहर अली की वायलिन और तबले पर अकार्दीप दास की जुगलबंदी देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनाली गुप्ता, सिबेन चक्रवर्ती, जयकिशन राठौड़, दिनेश कुमार और रूपक झा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## मरम्मती कार्य के दौरान धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग घंटों रहा जाम

# रेलवे पुल की रेलिंग तोड़ नीचे गिरा पिकअप, ट्रेन सेवा बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के ब्राह्मण बाबा मंदिर के समीप रेलवे पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। वाहन के रेलवे ट्रैक पर गिरने से हाईटेंशन तार टूट गया, जिससे ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह बाधित हो गया। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी एवं आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच और तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। वहीं, काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रेल की पटरियों से हटाकर ट्रेनों का परिचालन बहाल किया गया। वहीं, मौके पर मौजूद रेलवे अधिकारी इंदर लाल महतो ने बताया कि गाड़ी में कोई भी मौजूद नहीं था। संभवतः पिकअप में मौजूद चालक और खलासी फरार हो चुके हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बतातें चले कि मरम्मती कार्य के दौरान धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग घंटों जाम रहा। इस मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर एके सिंह, पी मंडल, इंदरलाल महतो आदि मौजूद थे।

रेलवे ट्रैक पर गिरा दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो पिकअप। क्रेन की मदद से वाहन को निकाला गया बाहर।

# झारखंड में केवल लूट की छूट : ढुल्लू महतो

**विस्थापन के मुद्दे पर बाघमारा विधायक ने झारखंड सरकार को दी खुली चुनौती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने राज्य की वर्तमान महागठबंधन सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि जो खुद को गरीबों का मसीहा और जल-जंगल-जमीन की बात कर सत्ता में आई है अभी तक कितने विस्थापितों को नौकरी दिला पाई है। सरकार इसे साबित करे। वे सोमवार को परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी विस्थापित खुद अपने अधिकार और हक की मांग को लेकर आंदोलन करते हैं तो सरकार के संरक्षण में पल रहे सफेदपोश गुंडों की मदद से उन पर मुकदमा दायर कर उन्हें जेल भेज दिया जाता है। जल जंगल जमीन की बात करने वाली वर्तमान सरकार में सिर्फ लूट की छूट है। विस्थापन के मुद्दे पर इनकी पार्टी चुप्पी साध लेती है। उन्होंने कहा कि सरकार झारखंड खनिज संपदा की लूट की छूट दे रखी है। आवाज उठाने वालों पर झूठा मुकदमा कर उन्हें शांत करवाया जाता है। कहा कि भाजपा के कार्यकाल में उन्होंने दर्जनों लोगों को विस्थापन के बदले नौकरी दिलवाई है, लेकिन वर्तमान सरकार एक भी विस्थापित को आज तक नौकरी नहीं दिला पाई। जिस गरीब का मसीहा बनकर और जंग जंगल की बात कर सत्ता में आई थी सरकार शायद वह अपने उस गरीब को भूल गई है। जनता बहुत जल्द जवाब देगी।

पत्रकारों से बातें करते विधायक ढुल्लू महतो व अन्य।

# बाघमारा में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का हुआ उद्घाटन

**कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड के जमुआटांड़ ग्राम पंचायत अंतर्गत झारखोर सामुदायिक भवन में सोमवार को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति व जमुआटांड के मुखिया निरंजन गोप ने संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद पंचायत क्षेत्र में कचरा इकट्ठा करने के लिए ट्राई साइकिल गारबेज वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बीडीओ ने कहा की ट्राई साइकिल वैन के जरिए जमा कचरे को अलग-अलग कर इसे रिसाइकल के लिए भेजा जाएगा।**

# मंत्री ने किया मांझी हाउस निर्माण का शिलान्यास

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग, कल्याण व परिवहन विभाग मामलों के मंत्री चंपई सोरेन ने चंद्रपुरा प्रखंड के तेलों पश्चमी अंतर्गत कोचाटांड़ मैदान में मांझी हाउस निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान राज्य की उत्पाद एवं मध निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी भी उपस्थित थी। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो-तेनुघाट अनंत कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, चंद्रपुरा के बीडीओ रेणुबाला व सीओ संदीप मधेशिया, प्रखंड प्रमुख चांदनी प्रवीण आदि उपस्थित थे।

## चिरकुंडा में जन वितरण दुकान से बांटी गयी 20 रुपये में लुंगी-साड़ी

# सरकार की हितकारी योजना का लाभ उठायें लाभुकः भारती कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या दो स्थित अजय कुमार सिंह की जन वितरण दुकान से सोमवार की सुबह मात्र 20 रुपये में लूंगी साड़ी धोती का वितरण किया गया। पार्षद भारती कुमारी ने अपने वार्ड में लाभुकों को लूंगी साड़ी धोती देकर फिर से योजना की शुरूआत की। इस दौरान पार्षद भारती कुमारी ने कहा कि यह प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई है। इसके पूर्व में भी मात्र 10 रुपये में धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया था। यह योजना इस दिन से दो नंबर वार्ड में निरंतर चलता रहेगा। वहीं, लाभुक लूंगी-साड़ी लेकर काफी खुश नजर आए। इस दौरान करीब 50 लाभुकों के बीच लूंगी साड़ी धोती का वितरण किया गया। जबकि वार्ड संख्या 2 के 327 परिवार के लाभुकों के बीच इन सभी चीजों का वितरण किया जाना है। इसके अलावा ग्रीन कार्ड धारकों के बीच 5 किलो चावल का भी वितरण किया गया। इसके बाद पार्षद भारती कुमारी ने कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना काफी हितकारी है, जिसे चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्डों में चलाया जा रहा है। जरूरतमंद इसका लाभ उठाएं। इस मौके पर प्रोफेसर अरुण कुमार, डीलर अजय कुमार सिंह, सत्येंद्र चौधरी, गुंजन कुमार, अरविंद मुखर्जी, शनिचरी देवी, गीता देवी, सुमन देवी आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या–01/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 31.05.2023 जो PR 298842 Rural Work Department (23-24)#D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, उसके Identification No./Package No. RWD/GARHWA/02/2023-24 में दिनांक 21.06.2023 तक प्राप्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.301883 Rural Work Department(23-24):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 02/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 01.06.2023 जो PR 299000 Rural Work Department (23-24).D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, उसके Identification No. / Package No. RWD/GARHWA/03/2023-24, RWD/GARHWA/05/2023-24 एवं RWD/GARHWA/07/2023-24 में दिनांक 21.06.2023 तक प्राप्त निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

PR 301882 Rural Work Department(23-24)D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक.....खूँटी , **E-Tender Notice** दिनांक.....

(Through E-Procurement mode only http://jharkhandtenders.gov.in)
**E-Tender Reference No. KNP/16/2023-24**
**7th Call**

| Sr.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Rejuvenation of Kamanata Jalashay Under Nagar Panchayat, Khunti. |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Rs. 3,48,89,087/- (Rupees Three Crore Forty Eight Lakhs Eighty Nine Thousand Eighty Seven Only) |
| 3. | Bid Security (INR) | 3,48,891/- (Rupees Three Lakhs Forty Eight Thousand Eight Hundred Ninety One Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 18 Months |
| 6. | Date of e-publication of tender | 13.07.2023 at 3.00 pm |
| 7. | Document downloading start Date | 13.07.2023 at 3.00 pm |
| 8. | Pre bid meeting date, Time & Venue | 15.07.2023 at 3.00 pm, Office Nagar Panchayat, Khunti |
| 9. | Bid submission end date | 18.07.2023 at 3.00 pm |
| 10. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 19.07.2023 up to 2.00 pm |
| 11. | Bid opening date (online) | 19.07.2023 at 3.00 pm |
| 12. | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 13. | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Khunti |
| 14. | Helpline Number | 7461059733 |

Note: Only e-Tender will be accepted
Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह0/–प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR301912 (Urban Development)23-24*D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय – अनुमंडल कृषि पदाधिकारी –सह– जिला उद्यान पदाधिकारी कोडरमा**

**(आम सूचना)**

कृप्या कृषक बन्धु ध्यान दे।
वित्तीय वर्ष 2023–24 राज्य योजनान्तर्गत "राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिले" में उपयोजना के कार्यान्वयन हेतु कोडरमा जिले के इच्छुक कृषको को अनुदानित दर पर विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक 31.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जा सकता है। योजना का कार्य अवयव का प्रारूप निम्नवत् है:–

| क्र0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य | विभागीय अनुदान | कृषक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छोटी नर्सरी की स्थापना (प्रति इकाई 1 हेक्टर) Credit linked back indeed Subsidy | 1 इकाई | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 2 | स्ट्रॉबरी टपक सिंचाई और अच्छादन समेत समेकित पैकेज | 16 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 3 | ड्रेगन फुट की खेती | 2.5 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| | | | | | |
| 5 | **नये बाग का क्षेत्र विस्तार** | | | | |
| 6 | आम | 100 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 7 | नींबू | 7 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 8 | लीची | 3.5 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 9 | बैर | 7 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 10 | आवॅला | 14 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 11 | बेल | 8 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 12 | अमरूद | 28 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 13 | सपोटा | 7 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 14 | वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्थापित फलबाग का तृतीय | 178 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 15 | वर्ष 2022–23 में रख रखाव हेतु (60:20:20 अनुपात में) | 174.5 हे0 | | | |
| 16 | पुराने फलबाग का जीर्णोद्वार | 05 हे0 | | | |
| 17 | शंकर सब्जी उत्पादन | 175 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 18 | कट फ्लावर फुलो की खेती (SF&MF) | 18 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 19 | बलबस फुल की खेती (SF&MF) | 16 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 20 | लुज फ्लावर (SF&MF) | 75 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 21 | मसाला की खेती | 57 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 22 | सुगंधित पौधा की खेती | 20 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 23 | प्लास्टिक मल्चिंग (Plastic malching) | 03 हे0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 24 | शेडनेट ट्रयूबलर हाउस का निर्माण | 3000 वर्ग मी0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 25 | पौधा समाग्री पर व्यय एवं कारनेशन/जवेरा का पॉली हाउस/शेडनेट में उत्पादन | 3000 वर्ग मी0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 26 | एण्टी बर्ड एण्टी हेल (Anti bire&anti heal) | 6 हे0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 27 | वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना | 166 इकाई | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 28 | आग्रीम पंक्ति प्रदर्शन के जरीए तकनीकी प्रचार–प्रसार एवं प्रशिक्षण | 1 इकाई | 75 प्रतिशत | 25 प्रतिशत | |
| | कृषकों का राज्य अन्तर्गत प्रशिक्षण | 100 सं0 | | | |
| | कृषकों को राज्य से बाहर प्रशिक्षण | 10 सं0 | | | |
| | कृषकों के अन्तर राज्य परिभ्रमण | 04 सं0 | | | |

**अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड की शर्ते**

1. उपर्युक्त योजना अनुदान पर आधारित है कृषक अंशदान की राशि लाभुक को चयनित योजना में निर्धारित अनुदान वहन करना होगा।
2. इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक को कार्यालय एवं उद्यान मित्र से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भर कर पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31.07.2023 4:00 बजे अपराह्ण तक आवेदन दे सकते है।
3. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड मोबाईल नं0, बैंक पासबुक, का छाया प्रति शपथ पत्र जमीन संबंधी अद्यतन रसीद या LPC जिसके पीछे मुखिया द्वारा प्रमाणित वंशावली एवं आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले जमीन का जिक हो संलग्न होना आवश्यक है।
4. आवेदन पर जनप्रतिनिधि एवं BAO/BTM/VLW/ATM उद्यान मित्र का अनुशंसा होना आवश्यक है।
5. वैसे लाभुक जिनका पिछले तीन वर्षो में उनका एवं उसके किसी परिवार का चयन ना हुआ हो, उनका चयन किया जायगा।
6. पिछले तीन वर्षो में जिन गांवों का चयन इस योजना के लिए नहीं हुआ है, उस गांव को प्राथमिकता दिया जायगा।
7. आवेदक के पास पर्याप्त भूमि हो तथा वे सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते हो।
8. महिला कृषक एवं JSLPS से प्राप्त कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह /FPO को प्राथमिकता दी जायगी।
9. लाभुक का चयन पदाधिकारी/कर्मी/उद्यान मित्र के द्वारा स्थल जांच करने के उपरान्त जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त कृषक का चयन किया जायगा।
10. आवेदन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विहित प्रपत्र में ही भरा जायगा जिसे कार्यालय एवं प्रखण्ड से प्राप्त किया जा सकता है।
11. इस वित्तीय वर्ष में Block chain technology app. में पंजीकृत कृषक होना अनिवार्य है इसके बाद हीं आपके आवेदन के योजनानुसार चयन प्रक्रिया की जायगी।
12. अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
13. सभी योजना की विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, कोडरमा से प्रत्येक कार्य दिवस 11:00 बजे पूर्वा0 से 04 बजे अपराह्ण तक प्राप्त किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
कोडरमा

PR 301911 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)#D

# सम न्यूरो सर्जनों ने 8 महीने के बच्चे का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन ने जन्म दोष के कारण मेनिनमायोसिल के कारण आठ महीने के बच्चे की पीठ की बड़ी मांसपेशी को सफलतापूर्वक हटा दिया है। ऐसा कहा जाता है कि यह इस आकार की विशाल मांसपेशियां सृष्टि होना दुनिया का पहला है। शिशु की पीठ पर 4300 वर्ग सेमी आयतन की एक विशाल मांसपेशी बन गयी, जिसे जाइंट मेनिनमायोसिल कहा जाता है। बच्चे के माता-पिता का विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए गये थे, लेकिन कहीं पर इलाज नहीं हुआ, लास्ट में सम अस्पताल पहुंचे। बच्चे की सर्जरी न्यूरोसर्जन प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र की देखरेख में की गयी।

शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के मुख्य सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) प्रो (डॉ) महापात्र ने 4,000 से अधिक ऐसी सर्जरी की है। उन्होंने कहा कि पहले कभी इतने बड़े आकार का मेनिनमायोसिल नहीं देखा था। जन्म के समय शिशु के शरीर की मांसपेशियां बहुत छोटी होती हैं, लेकिन इलाज में देरी के कारण इसका आकार बढ़ता गया। 2015 में 2300 क्यूबिक सेमी की ऐसी समस्या वाले एक बच्चे का एम्स, नयी दिल्ली में ऑपरेशन किया गया था। हालांकि, यह ज्ञात नहीं है कि इतनी बड़ी मांसपेशी दुनियां में पहले देखी गयी है।

इस रोग की चिकित्सीय समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रो (डॉ) महापात्र ने बताया कि गर्भावस्था के एक महीने के भीतर गर्भाशय में एक इंच की न्यूरल ट्यूब बन जाती है, जो आगे चलकर सुसुम्नाकंद में विकसित हो जाती है। यदि यह किसी कारण से फट जाये, तो उस स्थान से तरल पदार्थ निकल जाता है। इन पदार्थों के साथ-साथ शरीर के पिछले हिस्से के पास बहुत सारे तंत्रिका ऊतक भी जमा हो जाते हैं और धीरे-धीरे आकार में बढ़ते जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक दुर्लभ समस्या है। सर्जरी 3 सप्ताह से भी कम समय में की गयी और इस के लिए 3 से 4 घंटे लगे। प्रो (डॉ) महापात्र ने कहा कि बच्चा अब खतरे से बाहर है।

सम अस्पताल के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) सौभाग्य पाणिग्राही ने कहा कि ऐसी सर्जरी आइएसएस और सम अस्पताल में नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित बच्चे की सर्जरी राज्य सरकार की बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसवाइ) के तहत की गयी थी।

# बड़बिल में ग्रामीण खिलाड़ियों के विकास के लिए जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, बडबिल।** जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल और जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल ने क्योंझर जिले के सोयाबाली में जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल का उद्घाटन किया। जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक शाखा, जेएसपी फाउंडेशन द्वारा स्थापित, छात्रावास खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए चयनित 60 प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करेगा। छात्रावास के उद्घाटन के अवसर पर जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, कड़ी मेहनत, चरित्र विकास और टीम वर्क सिखाता है। खेल छात्रावास खेल और शिक्षा के क्षेत्र में समाज के कमजोर वर्गों के युवाओं को उत्कृष्टता हासिल करने का अवसर प्रदान करेगा मुझे आशा है कि इस छात्रावास में जो रहेंगे, देश का नाम रोशन करेंगे और दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए श्रीमती जिंदल ने कहा कि हम मानते हैं कि युवाओं के समग्र विकास के लिए शिक्षा और खेल आवश्यक हैं। यह छात्रावास गरीब ग्रामीण छात्रों को समान अवसर प्रदान करके एक समृद्ध और स्वस्थ समाज बनाने के लिए जेएसपी फाउंडेशन का एक प्रयास है। खेल और शिक्षा के क्षेत्र में, पोषण आहार, कोचिंग, स्कूली शिक्षा आदि सुविधाओं के साथ, यह छात्रावास निवासियों के खेल और शिक्षा कैरियर के विकास में मदद करेगा। इस छात्रावास की स्थापना राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे के विकास पर ओड़िशा सरकार की नीति दृष्टि को देखते हुए की गयी है। फाउंडेशन छात्रों को पोषण और शारीरिक फिटनेस पर प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा छात्रावास में आधुनिक सुविधाएं, खेल उपकरण और प्रसिद्ध प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

जेएसपी कच्चे माल और स्लरी पाइपलाइन के मुख्य आशीष पांडे, अध्यक्ष और सीएसआर मुख्य और कॉर्पोरेट संचार मुख्य श्री प्रशांत होता, लाडबिल यूनिट प्रमुख पुरुषोत्तम एमडी, यूनिट प्रमुख (कासिया माइंस) प्रमोद कुमार पात्र, यूनिट मुख्य (टेनसा माइंस) कमलाकांत नंद, मानव संसाधन विभाग के मुख्य आशीष महांति के साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और आसपास के ग्रामीणों के लोक उपस्थित थे। कंपनी के अध्यक्ष और सीएसआर प्मुख और कॉर्पोरेट संचार प्रमुख-ओड़िशा प्रशांत होता ने टीम सीएसआर बडबिल के सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) धनबाद, दिनांक – 06.07.2023**

**ई–निविदा सं.:** 21-GS-DHN-2023-24, **क्र. सं.:** 1. **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पतरातू – द्वितीय चरण के अंतर्गत पतरातू में इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग के लिए डीजल शेड में बुनियादी ढांचे और परीक्षण सेटअप का निर्माण, 09 (नौ) महीने, **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** ₹ 3,27,23,065.24, **बयाने की राशि (रू. में):** बयाने की राशि (रू. में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 31.07.2023 को 17:00 बजे तक, ई–निविदा खुलने की तारीख 01.08.2023 को 12:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोट:** (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0702/डीएचएनजीएस/यां./टी/23–24/40

# नेवी के लिए खरीदे जायेंगे 26 रफाल

## पीएम मोदी के फ्रांस दौरे में डिफेंस डील संभव

- यह सौदा 90 हजार करोड़ रुपये का है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जुलाई से फ्रांस की यात्रा पर रहेंगे। वे फ्रांस की राष्ट्रीय परेड में गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। इस दौरान 26 रफाल फाइटर प्लेन और 3 स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बी खरीदने का सौदा हो सकता है। डील 11 अरब डॉलर (90 हजार करोड़) की है। रफाल के एम वर्जन फ्रांसीसी एयरक्राफ्ट कंपनी दसॉ एविएशन से खरीदे जायेंगे। यह वही कंपनी है, जिससे एयरफोर्स ने 36 रफाल खरीदे हैं। इस दौरे को भारतीय तटों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में भी बेहद अहम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने नौसेना के लिए लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी पूरी कर ली है। रक्षा बलों ने इस बारे में प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेज दिया है। प्रस्ताव के अनुसार नेवी को चार ट्रेनर और 22 सिंगल सीटेड रफाल मिल सकते हैं।

**रफाल एम समुद्री एरिया में हवाई हमले के लिए विशेष तौर पर डिजाइंड है :** रफाल एम फाइटर जेट समुद्री एरिया में हवाई हमले के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किये गये हैं। इन्हें सबसे पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आइएलएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। अभी आइएलएस विक्रांत पर रूसी मिग-29 तैनात हैं, जो धीरे-धीरे सेवा से बाहर किये जा रहे हैं।

सावन की पहली सोमवारी पर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर राजधनवार विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ-साथ देशवासियों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

# भुवनेश्वर-कटक मेट्रो ट्रेन परिचालन के लिए सर्वेक्षण का काम जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर-कटक मेट्रो ट्रेन परिचालन के लिए सर्वेक्षण का काम जोरों पर है। परियोजना के लिए भूमि सर्वेक्षण शुरू हो गया है। 30 मीटर तक खुदाई कर मिट्टी की जांच की जा रही है। साथ ही 100 फीट से नीचे की मिट्टी की स्थिति का भी सर्वे किया जा रहा है। त्रिशूलिया और बारंग के बीच 4 सर्वेक्षण टीमें काम कर रही हैं। दिल्ली मेट्रो रेलवे कॉर्पोरेशन के इंजीनियर सर्वेक्षण कर रहे हैं। सर्वे का काम अगस्त तक पूरा होने की संभावना है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने भुवनेश्वर मेट्रो ट्रेन सर्वेक्षण का काम अपने हाथ में ले लिया है।

# बिजली गिरने से चार की मौत, दो झुलसे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य में विभिन्न स्थानों पर सोमवार को बिजली गिरने से तीन महिलाओं समनेत चार लोगों की मौत हो गयी। दो को गंभीर हालत से अंगुल जिला मुख्य हस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटाना अंगुल जिले बलरामप्रसाद आसपंड के पास हुई। सूचना मुताबिक दो महिलाएं सूखी लकड़ी लेकर लौट रही थीं, तभी उनके ऊपर बिजली गिरी। मृत महिलाओं का नाम सुषमा बेहरा और पेनी बेहरा। गंभीर रूप से घायलों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। गंभीर लोगों को अनुगोल मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह जयपुर के बोरीगुम्माश गांव में बिजिल गिरने से मां-बेटे की मौत हो गयी। लिंगराज हल्बा, उनकी पत्नी दुरुवती हल्बा और बेटे दीपक अपनी जमीन पर खेती कर रहे थे। लिंगराज सुरक्षित बाहर आ गये, जबकि उनकी पत्नी और बेटा दोनों खेत में बेहोश होकर गिर पड़े। वहां से तुरंत उन्हें बोरीगुम्मा हस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टर ने मां-बेटे दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# सरकारी औषधि गोदाम में लगी भीषण आग

- छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू पाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मंचेश्वर शिल्पांचल क्षेत्र में सरकारी औषधि गोदाम में भीषण आग लग गयी। गोदाम में रखी बड़ी मात्रा में दवाइयां जलकर राख हो गयी हैं। सूचना मुताबिक रविवार देर रात को ओडिशा स्टेट मेडिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के गोदाम में आग लग गयी। छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सात दमकल गाड़ियों में लगी आग पर काबू पाया। इस आग में कोविड महामारी के दौरान रखा गया कोविड किट, मास्क, सैनिटाइजर और ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ लाखों रुपये की दवाइयां जल गयीं। आग किस कारण से लगी, अभी तक पता नहीं चल सका है। कहा जा रहा है कि शॉट सर्किट से ए आग लगा गयी। मौके पर मंचेश्वर थाना अधिकारी पंहुच कर घटाना की जांच कर रहे है।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

# सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारियों को पेंशन मिलनी चाहिए : अतनु सब्यसाची

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उच्च शिक्षा मंत्री अतनु सब्यसाची नायक ने निर्देश दिया कि उच्च शिक्षा विभाग के पास एक समर्पित पेंशन प्रकोष्ठ होगा और सरकार के 5टी शासन के पालन में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। मंत्री श्री नायक ने कल विभाग की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एक समर्पित पेंशन सेल को तुरंत काम करना शुरू कर देना चाहिए और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही उनकी पेंशन मिलनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित पेंशन मामलों को निश्चित समय सीमा के भीतर निपटाया जाना चाहिए। महाविद्यालयों में शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ की रिक्तियों को भरने के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से सरकारी सहायता प्राप्त/जीआइए कॉलेजों के सभी संकायों का एक डेटाबेस बनाने के लिए प्रेरित किया ताकि रिक्ति की निगरानी और युक्तिसंगत बनाया जा सके। रूसा और विश्व बैंक फंडिंग, छात्रों की छात्रवृत्ति और अन्य की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में राज्य में उच्च शिक्षा के स्तर में और सुधार तथा शैक्षणिक संस्थानों के विकास पर विस्तृत चर्चा की गयी। एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर विभिन्न शीर्षों के तहत अनुदान राशि को ठीक से आवंटित करना। नाक (एनएएसी) रैंकिंग हासिल करने और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में भागीदारी के लिए उठाये जाने वाले उपायों पर भी चर्चा की गयी।

श्री नायक ने विभाग के अधिकारियों को पूर्ण सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता बनाये रखने की सलाह देते हुए चेतावनी दी है कि इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सचिव उच्च शिक्षा को व्यक्तिगत रूप से विभिन्न कॉलेजों में लंबित धनराशि की समीक्षा करने और इसका शीघ्र उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। लोक सेवा भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा सचिव अरबिंद अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**